● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 16, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 13 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राहुल गांधी को लखनऊ कोर्ट से समन 5

शुभमन गिल ने बनाया यूनिक रिकार्ड 6

## मप्र में हर सेक्टर में मौजूद है निवेश की अपार संभावनाएं : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में शामिल हुए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद है। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में झीलों, पहाड़ों और वन संपदा से युक्त सुंदर भोपाल शहर में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें और इन तारीखों को अविस्मरणीय बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश के चमत्कारी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था के बाद अब तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इस कार्य में निवेशकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत प्राकृतिक संसाधनों के साथ मानव संसाधन में भी आगे है। हम उद्योगों को बढ़ाकर ही आगे बढ़ सकते हैं। हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व भर का भ्रमण कर भारत की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है। हम स्टार्ट-अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उद्योगों में विभिन्न प्रकार की रियासतों के साथ ही इस बात का सर्वाधिक ध्यान रखा जाता है कि उनके सारे



काम समय से हो जाएं। मध्यप्रदेश में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है। मध्यप्रदेश में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की असीमित संभावना है। हम टेक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है। मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मलिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे, लेकिन हमने उस धारणा को बदला है। हम निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। प्रदेश में छोटे-छोटे स्थान पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। समाज में उद्योगपतियों का महत्वपूर्ण स्थान है। उद्योगों से रोजगार उत्पन्न होते हैं और रोजगार से लोगों की आजीविका चलती है। वे एक तरह से उद्योगपति समाज के पालक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनिया कह रही है कि हम बुद्ध के रास्ते पर चलकर युद्ध से विमुक्त होंगे। महात्मा बुद्ध हमारे ही देश के थे। भारत ने ही सारे विश्व को शांति और सर्व कल्याण का संदेश दिया है। हम शांति और विकास के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस-2025 के दिल्ली में इन्वेस्ट एम.पी. कर्टेन रेजर कार्यक्रम में कहा कि भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का कर्टेन रेज़र केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर संभावनाओं से भरपूर, सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश की एक झलक थी। हमारे निवेश के 3डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है। हम निवेशकों के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाकर मध्यप्रदेश को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत रहेंगे। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा है। हमने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आयोजन में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की जिसमें नई दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के निवेशक शामिल हुए। साथ ही 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि, राजदूत, उच्चायुक्त, काउंसलर, मुख्य सचिव आर्थिक व व्यापारिक विशेषज्ञ आदि शामिल हुए।

पीएम मोदी और मैक्रों की मुलाकात

## द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर हुई बात



**पेरिस।** पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने अपने द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के साझा दृष्टिकोण और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर बात की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने जनवरी 2024 में राष्ट्रपति मैक्रों की भारत की राजकीय यात्रा की थी। इससे पहले जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ मुद्दों पर सहमति बनी। वार्ता के दौरान 2047 रोडमैप पर चर्चा हुई। यह रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर बैस्टिल दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में होगा। उन्होंने अपने द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई प्रगति की सराहना की और इसे तेज करने की प्रतिबद्धता जताई।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक न्यायसंगत और शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने, वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने और तकनीकी, आर्थिक क्षेत्रों सहित उभरते विकास के लिए दुनिया को तैयार करने के लिए प्रभावी बहुपक्षवाद के आह्वान को दोहराया। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। यूएनएससी मामलों सहित बहुपक्षीय मंचों में समन्वय पर सहमति व्यक्त की। फ्रांस ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया।

## सीएम योगी को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** उत्तर प्रदेश के सीएम आवास के फोन पर कॉल कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी मप्र के मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हासई मेवदा गांव के महाराज सिंह का पुरा माजरा का रहने वाला सुनील गुर्जर है। सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी मिलने के बाद देर रात यूपी एसटीएफ की टीम उसके गांव में पहुंची और उसे पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में जो बात कही उसे सुनकर पुलिस अफसर भी हैरान रह गए। ग्रामीणों ने बताया कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के बाद आरोपी सुनील गुर्जर को अंदेशा था कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए आ सकती है। ऐसे में उसने परिवार समेत घर से फरार होने की योजना बना ली थी। हालांकि, उसके फरार होने से पहले यूपी एसटीएफ और मुरैना सिविल लाइन पुलिस ने उसके घर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया।

यूपी एसटीएफ आरोपी सुनील गुर्जर के बैंक अकाउंट और मोबाइल की जांच की जा रही है। जिससे पता चल सके कि कहीं आरोपी ने किसी आतंकी संगठन या अन्य स्रोत से फंडिंग लेकर तो सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी तो नहीं दी थी। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने आरोपी से धमकी देने का कारण पूछा तो उसने कहा कि उसे देश का सबसे बड़ा डॉन बनना है। जानकारी के अनुसार 20 साल के सुनील गुर्जर ने मंगलवार दोपहर को मुख्यमंत्री आवास पर कॉल कर योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके तुरंत बाद उत्तर प्रदेश पुलिस सक्रिय हुई। यूपी एसटीएफ और साइबर टीम ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर आरोपी की सटीक जानकारी हासिल की। एसटीएफ के एएसपी की अगुआई में 10 से 12 जवानों की टीम दो वाहनों से महाराज सिंह का पुरा गांव पहुंची। टीम ने करीब डेढ़ से दो घंटे तक आरोपी की लोकेशन को लेकर जानकारी जुटाई।

## मुफ्त की योजनाओं के एलान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि लोगों को अगर राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे तो इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। याचिका में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते।

## हमारे रक्षा उपकरण पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बने : राजनाथ

**बेंगलूरू।** एयरो इंडिया 2025 में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है और देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक जहाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। एयरो इंडिया 2025 के समापन समारोह पर बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, एयरो इंडिया ने ऐसी ऊंचाइयों को छुआ है जो न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं पिछले तीन दिनों से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से मौजूद था और अगर मुझे अपने अनुभव को तीन शब्दों में व्यक्त करना



है तो वह है ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा। उन्होंने कहा कि, यहां हम जो कुछ भी देख पाए, वह ऊर्जा का प्रकटीकरण है और यह ऊर्जा और उत्साह न केवल भारत के प्रतिभागियों में बल्कि दुनिया भर से आए लोगों में देखी जा सकती है। हमारे उद्यमियों, हमारे स्टार्टअप और इनोवेटर्स में जो उत्साह देखा गया, वह सराहनीय है। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अगर मैं एक दशक पहले की बात करूं तो हमारे देश में 65 से 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। उन्होंने कहा, यदि हम आज की स्थिति को देखें तो आप इसे समाधान या चमत्कार कह सकते हैं, लेकिन आज देश में लगभग उतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरणों का निर्माण हो रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैन्य पोत या ऐसे अनेक उपकरण और प्लेटफॉर्म न सिर्फ हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं।

## 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में सज्जन कुमार दोषी करार

**नई दिल्ली।** 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दो लोगों की हत्या के लिए दोषी ठहराया। अब 18 फरवरी को सज्जन कुमार की सजा को लेकर बहस होगी।

यह मामला 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या से जुड़ा है। यहां दो सिखों, सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह, की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सज्जन कुमार पर भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप लगा।

## कुंभ की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाने वाले अब खुद ही चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे : योगी



**बागपत।** छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रालोद के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। इसके साथ ही सीएम ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह उनके साथ रहे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट यूपी के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं। 26 फरवरी तक कुंभ भव्यता से चलता रहेगा और श्रद्धालु लाभ उठाते रहेंगे।

## देश में अब एयरलाइंस टिकटों की बिक्री कर सकेंगी कृषि ऋण समितियां

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्रालय के तहत आने वाली प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस), बहुत जल्द एयरलाइंस टिकटों की बिक्री कर सकेंगी। मौजूदा समय में पीएसीएस द्वारा रेलवे टिकटों की बुकिंग का काम किया जा रहा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सबसे पहले राज्यों के साथ मिलकर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का डेटाबेस बनाने का काम किया है। दो लाख पीएसीएस के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई



है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब देश भर की सहकारी समितियों की क्षेत्रवार जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण के लिए कदम उठाए गए हैं। आने वाले समय में देश की एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी, जहां पीएसीएस उपलब्ध नहीं हों।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलें विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की है। बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल और मुरलीधर मोहोल, समिति के सदस्यों, केन्द्रीय सहकारिता सचिव और सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। समिति ने बैठक में सहकारिता मंत्रालय द्वारा अपनी स्थापना के बाद से सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकार से समृद्धि का मंत्र दिया।

मोदी सरकार का मानना है कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों संभव है। शाह ने कहा, देश की आजादी के कुछ वर्षों बाद तक सहकारिता आंदोलन मजबूत स्थिति में था, लेकिन बाद में ज्यादातर राज्यों में यह कमजोर होता चला गया।

## जनवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.31 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में धीमी होकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में 5.22 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 5.1 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 6.02 प्रतिशत रही, जो दिसंबर में 8.39 प्रतिशत तथा एक वर्ष पूर्व माह में 8.3 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि खुदरा मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे।

इससे पहले, समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने अपनी एक रिपोर्ट में उपभोक्ता मुद्रास्फीति जनवरी 2025 में पांच महीने के निचले स्तर 4.60त्न पर आने की उम्मीद जतायी थी। दिसंबर 2024 खुदरा महंगाई दर 5.22त्न दर्ज की गई थी।

## हाल ने दिया भारतीय वायुसेना को तेजस की आपूर्ति का आश्वासन

**बंगलूरू।** हल्के लड़ाकू विमान तेजस बना रही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने मंगलवार को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही भारतीय वायुसेना को विमान की आपूर्ति शुरू कर देगा। कंपनी की ओर से कहा गया कि सभी तकनीकी दिक्कतें अब दूर हो गई हैं। बयान ऐसे वक्त आया है, जब मामले में वायुसेना प्रमुख एपी सिंह की चिंता और नाराजगी की खबरें मीडिया में आ रही हैं। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा, यह देरी केवल उद्योग की सुस्ती के कारण नहीं है। एयरो इंडिया 2025 कार्यक्रम में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कुछ तकनीकी मुद्दे थे जिन्हें सुलझा लिया गया है।

## कांग्रेस और आप को दिल्ली में मिलकर लड़ना था चुनाव : अमर्त्य

**कोलकाता।** बीते आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के रिजल्ट का एलान हुआ। इसमें भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस समेत छोटी-बड़ी पार्टियों को मात देकर दिल्ली की सत्ता में प्रचंड बहुमत के साथ वापसी की। इसी बीच आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की इस हार पर नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने प्रतिक्रिया दी है।

नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच एकता की मजबूत जरूरत की बात की है। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों को दिल्ली चुनाव एक साथ मिलकर लड़ना चाहिए था। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में अपने पैतृक घर पर एक इंटरव्यू के दौरान सेन ने कहा कि यदि भारत में धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखना है, तो न केवल एकता होनी चाहिए, बल्कि उन बुनियादी बातों पर सहमति भी होनी चाहिए, जिन्होंने भारत को बहुलवाद का बेहतरीन उदाहरण बनाया है।

सेन ने आगे कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजों को ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर नहीं पेश किया जाना चाहिए, लेकिन निश्चित तौर पर इसका अपना महत्व है। अगर आप जीत जाते, तो उस जीत का अपना मतलब होता। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली चुनाव में आप की हार के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण उन लोगों के बीच एकता की कमी थी।

## संगम की बूंदों में उफनाया माघी पूर्णिमा का अनंत विश्वास

**प्रयागराज।** पूजहिं माधव पद जलजाता/ परसि अखय बटु हरषहिं गाता...। संत तुलसी की इस चौपाई का आशय है कि गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाकर ऋषि-मुनि,देव-दनुज सभी संगम रूपी सिंहासन पर विराजमान जगत के स्वामी भगवान श्रीहरि माधव के चरण कमल को पूज कर धन्य हो जाते हैं। साथ ही अक्षयवट का स्पर्श कर उनके तन-मन के ताप-संताप हमेशा के लिए मिट जाते हैं।

विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ के पांचवें सबसे बड़े स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर एक बार फिर संगम की यही महिमा जगव्यापी श्रद्धा की अमृतमयी बूंदों के स्पर्श की अकुलाहट में साकार हुई। आधी रात से ही माघी पूर्णिमा



की पावन डुबकी के लिए मचलता जन सागर दिन भर आस्था के तटबंधों को तोड़कर छलकने के लिए आतुर रहा।मेला प्रशासन ने दोपहर दो बजे तक 12 किमी लंबे संगम के 42 घाटों पर 1.83 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया। न किसी ने सूर्योदय का इंतजार किया न पुण्यकाल का। आधी रात त्रिवेणी के सुरम्य तट पर हर कोई प्रयाग में माघी पूर्णिमा की महिमा का पुण्य बटोरने की ललक लिए डुबकी मारने लगा। खचाखच भीड़ की वजह से रेती पर न कपड़े रखने की जगह थी न ठिकने की। उसी जन सैलाब में किसी का झोला तो किसी का कपड़ा और किसी के परिवारीजन आंखों से ओझल होते रहे।

उसी बीच में पुरोहितों-संतों की शंखध्वनियां भी तन-मन को पुलकित कर रही थीं और घंट-घड़ियाल के बीच आस्था, विश्वास और भक्ति की लहरें भी हर अंतस को छूती रहीं। भक्ति के अनंत सागर से निकली आस्था की दिव्य आभा ने संगम से लेकर चार हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में बसे महाकुंभ नगर के शिविरों से निकले रास्तों पर हर तरफ अद्भुत छटा बिखेर दी। पौ फटते ही पूरब की लाली से फूटी किरणें संगम की लहरों पर उतर कर हर तन-मन में शक्ति और उल्लास का संचार करने लगीं। पुण्य की डुबकी लगाने के साथ ही उन्हीं लहरों पर लोक मंगल के गीत गाए जाते रहे। मनाही के बावजूद संगम पर सौभाग्य के दीप भी जलते रहे और दुग्धाभिषेक भी होता रहा। तिलक-त्रिपुंड लगाने वाले पुरोहितों के चेहरे की मुस्कान देखते बन रही थी। बिहार के बक्सर और झारखंड के गढ़वा स्थित डालटनगंज से ढोल-हारमोनियम लेकर आए श्रद्धालु समूहबद्ध होकर संगम जाने वाले रास्तों पर कीर्तन करते रहे। अलग-अलग भाषा, पहनावा और संस्कृतियों के रंग आपस में इस तरह उल्लसित होकर मिल रहे थे, जैसे वर्षों की चाह पूरी हो रही हो।

बच्चे मम्मी-पाप के कंधे पर सवार थे तो महिलाएं अपने पति या पुत्रों का हाथ थाम कर संगम में नहाने पहुंची थीं। संगम पर पुण्य रूपी कमाई को अर्जित करने के लिए ऐसा ही समागम महाकुंभ में हर तरफ नजर आया। वर्षों बाद महाकुंभ में माघी पूर्णिमा पर कुंभ संक्रांति लगने की वजह से झूंसी से लेकर फाफामऊ, नैनी तक के रास्तों पर जन ज्वार उमड़ता रहा।

एक तरफ डुबकी का उल्लास और दूसरी ओर कल्पवास के मास पर्यंत अनुष्ठानों की पूर्णाहुति ने महाकुंभ में भक्ति के रंग को और गाढ़ा कर दिया।

# स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग बनकर तैयार, डॉक्टर का इंतजार

## उप स्वास्थ्य केंद्र घोघरा का मामला, जिम्मेदार बेपरवाह

**सिंगरौली।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बिल्डिंग बनकर खड़ी कर दी जा रही है लेकिन इन अस्पतालों का ताला नहीं खुलता है। ऐसा ही मामला सरई तहसील क्षेत्र के ग्राम घोघरा में देखने को मिला है जहां लाखों रुपए की लागत से बिल्डिंग उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए बनाई गई। जिसका विधिवत अभी हाल ही में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन हुए दो माह गुजर गए लेकिन अभी तक उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला नहीं खुला है। ऐसे में कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार बेपरवाह दिखाई दे रहे हैं।

गौरतलब हो कि जिले भर में कई ऐसे उप स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग बनाई गई है लेकिन बिल्डिंग बनाने के बाद स्वास्थ्य महात्मा स्टाफ की पदस्थापना करने के लिए भूल जाता है। उप स्वास्थ्य केंद्र घोघरा जिसका जीता जाता उदाहरण है ऐसा ही हल चितरंगी विकासखंड के ग्राम पंचायत बरहट में बीते 5 साल पूर्व उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया था लेकिन आज तक उक्त स्वास्थ्य



केंद्र का ताला नहीं खुला है। जबकि उसे समय तत्कालीन सांसद रीति पाठक के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया था। कई ऐसे उप स्वास्थ्य केंद्र हैं जहां स्टाफ की पदस्थापना स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नहीं की गई है जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र की जनता झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाने को मजबूर है या फिर बड़े शहरों की ओर स्वास्थ्य के लिए परेशान होना पड़ रहा है एक तरफ सरकार जनता के लिए बड़े-बड़े वादे करती है वहीं दूसरी ओर इन्हीं के जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही की हद पार कर रहे हैं। बताया जाता है कि घोघरा में उप स्वास्थ्य केंद्र को बने महीनो बीत गए। लेकिन उद्घाटन के बाद ताला लगा हुआ है। एक तरफ सरकार लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके जनता के स्वास्थ्य हित में लगातार काम कर रही है। वहीं घोघरा में बने उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन के बाद ताला नहीं खुल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने हुए हैं।

### नहीं खुला ताला, कोस रही जनता

जिले के नगर परिषद सरई अंतर्गत घोघरा में उप स्वास्थ्य केंद्र है जिसमें महीनों से ताला लगा हुआ है आस पास के लोगों का कहना है कि विगत 3 महीने पहले नवंबर 2024 में इसका उद्घाटन नगर परिषद सरई अध्यक्ष के द्वारा किया गया था। तब से आज दिवस तक लगातार ताला लगा हुआ है। ग्रामीण लोगों को चिकित्सा सुविधा आज तक नहीं मिल पा रही है। यहां किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है।एक भी कुर्सी टेबल व चिकित्सा संबंधी उपकरण उपलब्ध नहीं है।जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैयां अपना रहे हैं।

### कई वर्षों से बरहट उप स्वास्थ्य केंद्र बंद

जिले के विकासखंड चितरंगी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहट में लगभग 5 वर्ष पूर्व उप स्वास्थ्य केंद्र लाखों रुपए की लागत से बनाया गया था। ग्रामीण जनता को एक उम्मीद जगी की गांव में ही अब डॉक्टर मिलेंगे। लेकिन इतने साल बीत गए, आज तक उद्घाटन के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला नहीं खुला है। आखिर शासन ने बिल्डिंग के नाम पर लाखों रुपए क्यों खर्च किया या फिर कमीशन के लोभ में विभाग ने बिल्डिंग बनवा दी। कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है कि आज तक उप स्वास्थ्य केंद्रो में चिकित्सक व स्टाफ नहीं भेजे गए।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के पुण्य तिथि एवं संत रविदास जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि दिनांक 11 फरवरी तथा संत श्रेष्ठ श्री रविदास जी की जयंती 12 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि एवं संत रविदास जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुए तथा उनके आदर्श तथा उनके बताए सतमार्ग के अनुकरण हेतु कार्यकर्ताओं ने शपथ ली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाती हैं तथा इसी दिन पार्टी के आजीवन सहयोग राशि के समर्पण का कार्यक्रम प्रारंभ होता है। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी ने पार्टी को सुचिता तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा एक आजीवन सहयोग राशि की व्यवस्था प्रारंभ की थी जिसे समर्पण निधि भी कहा जाता है।जिले के संगठन द्वारा पूर्व जिला



पंचायत उपाध्यक्ष डॉ रविन्द्र सिंह को इस अभियान का प्रभारी बनाया गया है तथा ज्ञान प्रकाश गुप्ता सह प्रभारी बनाए गए हैं। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने बताया कि प्रथम दिवस पर ही समर्पण निधि संग्रह में सिंगरौली प्रदेश के उत्कृष्ट जिलों में शामिल हुआ है तथा उन्हें पूर्ण विश्वास है कि निर्धारित समय में सिंगरौली के कार्यकर्ता समर्पण निधि संचय में जिले को प्रदेश के शीर्ष जिलों मे स्थापित करेंगे। आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम के शुभारंभ में विधायक रामनिवास शाह, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय तथा पार्टी के समस्त पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।12 जनवरी को संत श्रेष्ठ श्री रविदास जी की जयंती पर जिलाध्यक्ष वार्ड क्रमांक 37 के एक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा उन्होंने संत रविदास जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि संत रविदास जी सामाजिक समरसता तथा सामाजिक एकता के सिद्धांत को अमर करके गये हैं तथा उनके बताए सतमार्ग से ही एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण हो सकता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत रविदास जी एक सच्चे सनातनी तथा मां गंगा के मानस पुत्र के रूप में भी पूजे जाते हैं जिनकी भक्ति भाव से विभोर होकर मां गंगा उनकी कठौती से प्रकट हो गईं थीं तथा अपने पुत्र के रूप में उनको स्वीकार किया था?। संत रविदास जी के कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, जिलामंत्री पूनम गुप्ता, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोतीलाल प्रजापति , युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह , मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय, सीताराम वर्मा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले से राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित छात्रों को सीईओ ने किया सम्मानित

**सिंगरौली।** शासकीय हाई स्कूल शाहपुर और शासकीय माध्यमिक विद्यालय चितरवई कला के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्रों को जिला पंचायत सिंगरौली में जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ने बैग फाइल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जितेंद्र कौर थापर और शासकीय माध्यमिक विद्यालय चितरवई कला के प्रधानाध्यापक आरपी पटेल उपस्थित रहे। चयनित छात्र प्रीतम तिवारी और उनकी मार्गदर्शक शिक्षक राजश्री नायक, छात्रा खुशी पनिका, शाहपुर के चयनित छात्र अनुपम सेन उनके मार्गदर्शक शिक्षक शरद कुमार



पाण्डेय शाहपुर विद्यालय के छात्र अमित, अयान, अर्जुन को द्वारा सम्मानित किया गया। डीपीसी कार्यालय से जिला अकादमिक समन्वयक राजेश पटेल , विनोद शाह और छात्र अनुपम के पिता सुरेश सेन उपस्थित रहे। विज्ञान शिक्षक कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में छात्रों ने सीईओ से भेंट की। सीईओ ने बच्चों के विज्ञान मॉडल देखे और उनको आवश्यक सुझाव के साथ प्रशंसा की। अयान के आधुनिक पार्किंग सिस्टम मॉडल के बारे में उन्होंने कहा की सिंगरौली में भारी वाहनों की वजह से एक्सीडेंट होते हैं इसके बारे में भी आप अपने मॉडल में सुधार करो हालांकि आप सभी इस सब के लिए बहुत छोटे हैं फिर भी आप सबका प्रयास बहुत सराहनीय है। प्रीतम तिवारी ने अपने सफल गणितीय मॉडल के बारे में सर को बताया। खुशी पनिका ने अपने सामाजिक विज्ञान के मॉडल के बारे में बताया, अमित बसोर ने वॉटर टैंक इंडिकेटर मॉडल को दिखाया। अनुपम सेन ने अपना विज्ञान, पर्यावरण गीत सुनाया। नाश्ता आदि करके सभी वैज्ञानिक छात्र खुशी-खुशी अपने विद्यालयों को लौटे।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत 4.50 लाख का अवैध गाजा जब्त, नामी तस्कर की पत्नी गिरफ्तार

## छत्तीसगढ़ से लाया था गांजा,सरई पुलिस की कार्रवाई, कार्यवाही में शामिल पुलिस कर्मियों 10 हजार रुपए देखकर किया पुरस्कृत

**सिंगरौली।** सरई पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत नशा के तस्करों पर आज बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 लाख 50 हजार कीमत के 22 किलो 545 ग्राम गांजा तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए गाजा तस्करी के एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी आज एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि एसडीओपी राहुल सैयाम एवं थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत बड़ी



सफलता हासिल करते हुए गांजा तस्करी में लिप्त महिला को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पोखरीटोला निवासी बृहस्पतिया साहू (पति ज्वाला साहू, उम्र 45 वर्ष) अपने घर में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रख कर बिक्री कर रही है। सूचना पर सरई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोखरीटोला में रेड कार्यवाही की। तलाशी के दौरान आरोपी महिला के घर से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे कुल 22 किलो 545 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जहां एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। एसपी ने इस सफल कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### आरोपी को 10 साल की हो चुकी है सजा

गांजा के अवैध कारोबार मैं पत्नी की गिरफ्तारी हुई है तो वहीं पिता पुत्र फरार हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के परिवारजन भी पूर्व मे अबैध गांजा के कारोबार मे लिप्त रहे है जिनका आपराधिक रिकार्ड थाना सरई में है। आरोपी पूर्व में भी अवैध मादक पदार्थों की बिक्री में 10 साल की सजा हो चुकी है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, उनि प्रियंका सिंह, उनि सूर्यपाल सिंह, संदीप नामदेव, उपेन्द्र सिंह भदौरिया, आशीष त्रिपाठी, हरि भजन सिंह, कैलाश सिंह, रिंकू धाकड, बबलू यादव, अकिंत शुक्ला, सदन यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 11 दिवसीय साइबर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ समापन

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव मप्र शासन की मंशानुसार एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार साइबर जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से सेफ क्लिक - सुरक्षित जीवन अभियान एवं इस विषय पर जनमानस को जागरुक करने के लिए प्रदेश भर में 1 फरवरी से सतत् चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रम सेफ क्लिक - सुरक्षित जीवन के समापन कार्यक्रम के अंतर्गत 11 फरवरी को अटल सामुदायिक भवन, सिंगरौली में मुख्य अतिथि सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह की उपस्थिति में समपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुंदर शाह, नगर पालिक निगम सिंगरौली अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नवानगर थाना ज्ञानेन्द्र सिंह, बरगवां प्रभारी निरीक्षक राकेश साहू, सूबेदार आशीष तिवारी, एवं अन्य जन प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अमले व विशाल जन समूह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सार्वजनिक संवाद कार्यक्रम, व्यापक सुरक्षा अभियान, जनसंवाद, साइबर संकल्प , नुक्कड़ नाटक , स्लोगन, निबंध लेखन, चित्रकला, कविता पाठ, इंटरनेट मेला क्विज प्रतियोगिता, बैनर पोस्टर प्रदर्शन, क्विज प्रतियोगिता,नाटक कार्यशालाएँ, जागरुकता रैलियाँ, पहचान चोरी, सुरक्षित ब्राउजिंग पर क्विज, आनलाइन वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा पर साइबर एक्सपर्ट बाइट,महिलाओं के लिए जागरुकता स्लोगन और वीडियों, धोखाधड़ी से बचने और गोपनीयता की रक्षा पर स्लोगन एनीमेशन वीडियों पॉडकास्ट, साइबर हेल्प लाइन नंबर, साइबर संकल्प अभियान, साइबर अपराध रोकथाम पर सफलता की कहानी एवं साइबर फ्रॉड़ से बचने के उपाय के संबंध में समुदाय के साथ-साथ बालक बालिकाओं को जागरूक किया गया। साइबर अपराध के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए जिला के महाविद्यालयों में रैली, शपथ, चित्रकला, काव्यपाठ प्रतियोगिता, बैनर, पोस्टर, पंपलेट, लघु फिल्मों नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमो से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले में लगातार किया जाकर शासन की मंशा का प्रभावी पालन एवं क्रियान्वयन कराया गया है। इस पखवाड़े के अंतर्गत लगभग 250 से अधिक कार्यक्रम आयोजित कर करीब 20 हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया गया है। उपरोक्त समस्याओं का समाधान केवल कानून से नहीं होगा, बल्कि हमें साइबर फ्राड के प्रति जागरुक होना होगा । शिक्षा, जागरूकता, संवेदनशीलता का प्रसार करना होगा। कार्यक्रम के समापन में आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार अशोक पाण्डेय एवं उनकी सहायक टीम द्वारा साइबर जागरुकता अभियान से संबंधित गीत प्रस्तुत किया गया।

# एनसीएल में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2025 का हुआ शुभारंभ

**सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन), जितेंद्र मलिक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे 7इस वर्ष यह सप्ताह विचारों से प्रभाव तक= प्रतिस्पर्धात्मक स्टार्टअप के लिए बौद्धिक संपदा की रक्षा करना विषय पर मनाया जा रहा है।उद्घाटन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल, बी. साईराम ने उत्पादकता को किसी भी राष्ट्र के विकास का आधार स्तम्भ बताते हुए उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल दिया। साथ ही उन्होनें कहा कि एनसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के आलोक में उत्पादकता के वैश्विक मानक स्थापित करेगी। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (आईईडी), एनसीएल मनोज कुमार सिंह ने सभी को कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ उत्पादन और उत्पादकता में अभिवृद्धि, संसाधनों का संतुलित तथा समुचित उपयोग करते हुए सुदृढ़ कार्य संस्कृति की स्थापना, समाज के जीवन स्तर एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए अपना योगदान देने तथा सहकर्मियों को भी इस दिशा में प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई ।

# 10 पदकों के साथ राज्य कराते में सिंगरौली का धमाकेदार प्रदर्शन

## महिला व पुरुष टीम कता स्पर्धा में प्रदेश में दूसरा स्थान

**सिंगरौली।** वर्ल्ड कराते फेडरेशन (डब्ल्यूकेएफ) एवं कराते इंडिया आर्गनाइजेशन की एकमात्र प्रदेश इकाई मध्यप्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन द्वारा 9 फरवरी 2025 को इंदौर में आयोजित एक दिवसीय अधिकृत राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में शामिल हुए सिंगरौली जिला के कराते खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए अपने कला कौशल का लोहा मनवाया।

सिंगरौली डिक्सट्रिक्ट कराते एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सुग्रीव वर्मा ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया है कि प्रतियोगिता के दौरान महिला वर्ग से आकांक्षा सेन, शांति विश्वकर्मा एवं सुमन गुप्ता और पुरुष वर्ग से



संजय शाह, मोहम्मद श्वाले खान, सिंण्टू साकेत, रवि चौरसिया ने अति महत्वपूर्ण स्पर्धा टीम कता का उम्दा प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। महिला टीम का फिनाले जहां ग्वालियर से हुआ वहीं पुरुष दल ने कराते एकाडिमी भोपाल को कांटे की टक्कर दिया। 50 से 55किलोग्राम व्यक्तिगत कुमिते (फाइट) में भी सिंण्टू साकेत ने तथा 84 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में आकेश वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त कर आने वाली स्पर्धाओं के लिए आगाज दर्ज कराया। जिले के राष्ट्रीय निर्णायक भोला प्रसाद वर्मा, अजय कुमार बसोर ने प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अपनी तकनीकि सेवाएं प्रदान किया। जिला कराते एसोसिएशन के सचिव अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में रवाना होने वाले दल की इस सफलता पर जिला कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष-शिवेंद्र बहादुर सिंह(ददोली सिंह), उपाध्यक्ष -संतोष वर्मा, परमानंद चौरसिया, अर्जुन गुप्ता, कोषाध्यक्ष- कमलेश गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य- रियाज खान, बी.के. सिंह, सरोज सोनी, अमित तिवारी, सुषमा वैश्य, धर्मेन्द्र जायसवाल , नीता यादव,वनवारी सेन, रंजीत झा आदि ने हर्ष जताया है।

# सफाई अभियान की निकली हवा,वार्डो में बजबजा रही नालियां

**सिंगरौली।** स्वच्छ भारत मिशन का नगर निगम क्षेत्र में बुरा हाल है। आलम यह है कि नगर निगम दफ्तर से लगे बार्डो में नियमित साफ सफाई नहीं की जा रही है। कुछ वार्डो की नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी से बजबजा रही हैं, तो कहीं नालियों से बहकर कीचड़ रास्तों में आने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। बता दें कि वार्ड की समस्याओं को लेकर वार्डवासी खुलकर सामने आने तैयार नहीं है। इनका कहना है कि यदि हम समस्या बताते है और नाम सामने आता है तो हमारे नगरपालिका और वार्ड पार्षद से होने वाले कार्य बाधित होते है। इस कारण से वार्ड के लोग सामने आने में कतरा रहे है।

# पाईप लाईन काटने वाले कबाड़ी पकडाये, चोरी की पाईप जप्त

## कबाडियों से पोकलेन मशीन के बूम के शेष टुकडे मिले, मोरवा पुलिस की कार्यवाही

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्र के चुरकी में बीते 30 जनवरी को जल मिशन की पाइपलाइन काटकर चोरों ने बेच दिया था। जहां पुलिस ने चोरों को पकड़ लिया है। पुलिस ने जानकारी मे बताया कि बीते 30 जनवरी को रुद्र दत्त दुबे निवासी लार्डगंज जबलपुर का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम चुरकी फ्लाई ओव्हर के नीचे से होरीजेन्टल डायरेक्शनल ड्रिलिंग कर पाईप लाईन बिछाने का काम मिला है जिसमें से कुछ पाईप अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गई है। जिसपर थाना मोरवा में अप.क्र. 59/25 धारा 303 (2) बीएनएस कायम किया गया जिस पर थाना प्रभारी मोरवा यूपी सिंह द्वारा



पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के दिशानिर्देशन एवं केके पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी सिंगरौली की सतत निगरानी मे अज्ञात चोरो की तलाश की जाने लगी।

थाना प्रभारी मोरवा यूपी सिंह द्वारा चोरो धरपकड हेतु बनाई गई टीम द्वारा कबाड व्यवसाय में लिप्त श्याम सुन्दर राठौर को पकडा गया था जिसके द्वारा पोकलेन मशीन के बूम चोरी करने वाले चोरो का नाम बताया गया था। जिन्हे आज पुलिस टीम द्वारा पकडा गया जिन्होने बूम के साथ साथ जल जीवन मिशन की पाईप काटना भी बताये, जिससे चोरी गये पाईपो की बरामदगी की गई। पकडे गये कबाडियो में श्याम के अवाला अर्जुन साकेत पिता कुंज बिहारी साकेत, बुधराम सिंह पिता राजाराम सिंह है। जिनसे दोनो चोरियो का करीब एक लाख रुपये कीमती सामान जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरी. एनपी तिवारी, सउनि. डीएन सिंह, प्रआर अर्जुन सिंह, संजय परिहार, पतरंग सिंह, आर. दशरथ मांझी, सुरेश परस्ते महिला आर0 नुरली सिसोधिया शामिल है।

## संपादकीय

# शांति की आशा

आखिरकार मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अगर यही काम वह पहले करते तो हो सकता है उन्हें जिम्मेदारी समझने और उसे स्वीकार करने का थोड़ा-बहुत श्रेय मिलता। लेकिन जिन हालात में यह इस्तीफा हुआ है, उसमें ऐसी कोई गुंजाइश नहीं रह गई है। बहरहाल, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अब प्रदेश में अमन-चैन और आपसी भाईचारा स्थापित हो सकेगा। यह इस्तीफा आगे के लिए एक उम्मीद दिखाता है। लेकिन प्रदेश की मैतेई और कुकी आबादी के बीच संदेह और अविश्वास की खाई जितनी चौड़ी हो गई है, उसे देखते हुए तत्काल सुलह-समझौते का कोई फॉर्मूला निकलने की संभावना नहीं दिखती। जहां कुकी समुदाय की ओर से अपने लिए अलग प्रदेश की मांग उठी है, वहीं मैतेई समुदाय राज्य के किसी भी विभाजन के सख्त खिलाफ है। बीच की कोई राह कैसे और कब तक निकलती है, यह एक अलग मसला है, मगर फिलहाल चुनौती तब तक शांति-व्यवस्था बनाए रखने की है। कुकी और मैतेई दोनों तरफ के गिरोहों ने सुरक्षा बलों के हथियार लूटे हैं। जब तक ये हथियार वापस नहीं लिए जाते, तब तक शांति की संभावना भी दूर की कौड़ी रहेगी। लेकिन पुलिस और सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप दोनों ही तरफ के लोग लगाते रहे हैं। जाहिर है, लूटे गए हथियारों की जब्ती तो होनी ही चाहिए, इसके साथ-साथ पुलिस और सरक्षा बलों की विश्वसनीयता बढ़ाने पर भी काम करना होगा। फिलहाल सभी पक्षों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में सत्ता की बागडोर किसके हाथों में जाती है। उनकी जगह लेने वाले नेता की छवि और विश्वसनीयता पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। लेकिन चूंकि राज्यपाल ने विधानसभा का बजट सत्र बुलाए जाने का फैसला रद्द कर दिया है। इसलिए संभावित अविश्वास प्रस्ताव की बात भी टल गई है। ऐसे में देखना यह भी होगा कि क्या केंद्र यहां राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला करता है। चूंकि राज्य में विधानसभा चुनाव एक साल के अंदर ही होने हैं, इसलिए चुनावी समीकरणों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे माहौल में तनाव कम करके शांति-सौहार्द कायम करना खासा मुश्किल हो जाता है। फिर भी बीरेन सिंह के इस्तीफे ने एक अच्छा मौका तो दिया ही है।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

**इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता ?पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता ?पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ ?साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।**

(ललित गर्ग)

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति?विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था।

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता?पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता?पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ?साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता?पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ?साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति?विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता?पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले



रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थित भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को धूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे?जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे?वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में हैय उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है?

शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलड़े में रुपया है और दूसरे पलड़े में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी?बड़ी कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना?देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थित हो गई है। अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है।

सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्रास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे?धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता?पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं? क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंड?अप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता?पिता की छवि को धुंधलाना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति?विहीन बनाती है, कमजोर करती है। लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।

# कांग्रेस के बाद क्षेत्रीय दलों में भी पतन का दौर

(अजय कुमार)

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता।

देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों ? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों ? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है,लेकिन बार-बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी,समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल,उद्धव ठाकरे की शिवसेना,शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं। अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानरदार 'आम आदमी पार्टी' का भी जुड़ गया है।

हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है,जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें( मोदी ) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग,सीबीआई,ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप-प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी आभा को एकदम मटियामेट कर दिया है. जो केजरीवाल 12 साल पहले यूथ आइकॉन बनकर उभरे थे, वे अब




धूल में लथपथ पड़े हैं. विधान सभा में 'दिल्ली का मालिक मैं हूं' जैसे अहंकारी बयान देने वाले और हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर अपनी फजीहत करा चुके अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसे आधे-अधूरे राज्य का मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री का ख्वाब देखने लगे थे मगर अब वे विधायकी भी गंवा बैठे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे। अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से अधिक भद्द राहुल गांधी की पिटी है। पिछले कई चुनावों से दिल्ली में शून्य सीटों का रिकॉर्ड राहुल गांधी और कांग्रेस के नाम दर्ज है।

अरविंद केजरीवाल की तरह ही नेताजी मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत संभाले हुए अखिलेश यादव की है। 2012 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया था,जबकि अनुभव के नाम पर अखिलेश खाली हाथ थे। इसके बाद अखिलेश यादव अपने दम पर भले ही राजनीति में कुछ खास नहीं कर पाये हों,लेकिन उनके बड़बोलेपन और अपनी हार का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने की महारथ के चलते खूब नाम कमा रहे हैं।विवादित बयानबाजी की बात की जाये तो अखिलेश यादव अपने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अयोध्या का नया राजा कहकर प्रभु श्रीराम और उनके भक्तों का उपहास उड़ाने के चक्कर में खुद फजीहत करा बैठते हैं। उन्हें ट्रॉफी की तरह अपने साथ लेकर घूमते थे,लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अखिलेश अपने होश खो बैठे हैं। सपा नेता हार से इतना बौखला गये हैं कि पार्टी के महासचिव प्रो रामगोपाल यादव तो यूपी के सरकारी अधिकारियों को ही नसीहत देने लगे हैं कि वह मुख्यमंत्री योगी जी का आदेश सुनने की बजाये उन्हें नसीहत दें। अखिलेश यादव से लेकर शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव हताशा में डूबते जा रहे हैं। रामगोपाल तो अयोध्या में रामलला के मंदिर को भी बेकार कह चुके हैं। सपा के तमाम नेता महाकुंभ में कथित अव्यवस्था को लेकर भी लगातार सीएम पर हमलावर हैं,लेकिन इससे समाजवादी पार्टी को हासिल क्या हो रहा है,यह प्रश्न चिन्ह बना हुआ है।क्योंकि समाजवादी पार्टी का पीडीए पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। मिल्कीपुर में तो सपा को यादवों तक का वोट नहीं मिला।

## वर्ग पहेली 5641

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | 8 | | 9 | | | |
| | 10 | | 11 | | | 12 | |
| 13 | | 14 | | | 15 | | |
| 16 | 17 | | 18 | | | | 19 |
| | 20 | | | | | | |
| 21 | | | 22 | 23 | | 24 | |
| 25 | | | | 26 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 24 सितंबर 1979 को इस देश ने संविधान अपनाया (2)
3. 1983 का प्रुडेंशियल कप (विश्वकप) क्रिकेट इस क्रिकेटर के नेतृत्व में भारत ने जीता था (5)
7. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, राजा का निवास (3)
9. एक मोटा वस्त्र, सपटा (2)
10. क से ह तक की वर्णमाल (4)
12. सूर्य, पुत्र (अंग्रेजी)(2)
14. सप्ताह का दिन (2)
16. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
18. कोलकात के समीप स्थित प्रसिद्ध शिवलिंग (शिवपुराणानुसार)(5)
20. पुराणानुसार इंद्र के सारथि का नाम (3)
21. जिसे प्यास लगी हो (2)
22. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
24. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
25. विमान पथ, धावन पथ (3)
26. काबिल, योग्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. ग्रीष्म अनुभूति, धूप (2)
2. व्यर्थ, बेमतलब, बेफिजूल (3)
4. झपोला, विविध भारती से प्रसारित कार्यक्रमों में से एक (3)
5. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
6. वादा, इकरार (3)
8. एक वात रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है, पक्षाघात (3)
11. भाद्रपद के शुक्ल तृतीय को महिलाओं का व्रत विशेष जिसमें निर्जला रहकर रात्रि जागरण कर भजन आदि करती है (5)
13. दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
15. ऊंट, बैल आदि की नाक में बंधी हुई रस्सी (3)
17. भयंकर युद्ध (4)
19. करूणा, दया, तरस (3)
21. प्रेम, मुहब्बत, इश्क (2)
23. दिल्ली की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ नाम)(2)
24. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल (2)

### वर्ग पहेली 5640 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ला | ब | | सो | म | ना | थ |
| ल | ल | क | | म | द | न | |
| ब | च | ना | | | | | सा |
| द | | | मु | ग | ल | का | ल |
| न | ई | दु | नि | या | | ति | |
| | द | म | | ना | ग | ब | ल |
| आ | जा | | क | | री | | ग |
| शा | ह | ज | हां | | ब | न | ना |

# प्रयागराज में इस बार का कुंभ क्यों कहा जा रहा है महाकुंभ

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की धूम पूरे विश्व में सिर चढ़कर बोल रही है। बारह कुंभ आयोजनों के बाद 144 वर्षों के पश्चात् आने वाले महाकुंभ का महत्व वैसे ही बहुत अधिक हो जाता है तथा श्रेष्ठ प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के चलते महाकुंभ महापर्व का महत्व उच्चतम स्तर पर दिखाई दे रहा है। संगम स्थल पर श्रेष्ठतम चिकित्सीय व्यवस्था, ठहरने व रात्रि निवास की व्यवस्था एवं भोजन के साथ-साथ यातायात की उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं महाकुंभ को कभी भी विस्मृत न होने वाला स्मरणीय धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन बना रही है। यद्यपि कुंभ मेला तो प्रत्येक बारह वर्ष के बाद चारों पावन तीर्थ स्थल हरिद्वार, प्रयागराज, नासिक व उज्जैन में आता ही है और लाखों-करोड़ों भक्त प्रत्येक कुंभ अथवा अर्ध कुंभ में परिवार सहित पावन गोता लगाते ही हैं फिर इस बार ऐसा क्या विशेष है कि तीर्थराज प्रयाग राज में यह बीसवीं एवं इक्कीसवी शताब्दी का सबसे बड़ा महाकुंभ माना जा रहा है। जहां नित नये नये रिकार्ड स्थापित हो रहे हैं। उत्तरप्रदेश सरकार का अनुमान था कि मेला समापन तक लगभग 45 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर लेंगे किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार माघ पूर्णिमा तक ही यह 45 करोड़ का आंकड़ा पार होने जा रहा है तथा अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी तक श्रद्धालुओं का यह आंकड़ा यदि 50 करोड़ के पार हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। प्रश्न यह है कि इस बार ऐसा क्या है कि हर व्यक्ति येन केन प्रकारेण महाकुंभ में पहुंचना चाहता है। कैसे आजतक के सारे रिकॉर्ड टूट गये। भीड़ इतनी कि कई स्थानों पर तो सैंकड़ों किलोमीटर का जाम लग गया है और गाड़ियाँ चलने के स्थान पर रेंग रही हैं। यह महाकुंभ मेला जीवन में एक बार होने वाला अनुभव है, जो आध्यात्मिक शुद्धि और सांस्कृतिक विसर्जन प्रदान करता है। अतः सभी झंझावातों को समझते हुए भी हर श्रद्धालु इस श्रद्धा से सरोबार आनंद को पूर्ण रूप से ग्रहण करना चाहता है। फिर चाहे जाम लगे या असुविधाओं का सामना करना पड़ें। उल्लेखनीय है कि 2025 में 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलने वाला तथा बारह कुंभ मेले के बाद 144 वर्षों के पश्चात् आने वाला महाकुंभ धार्मिक, आध्यात्मिक, और ज्योतिषीय महत्व रखता है। भारतीय संस्कृति की अवधारणा में ही सामूहिकता निहित है। हमने प्रारंभ से ही विश्व को एक कुटुंब की तरह माना है। महाकुंभ जैसे आयोजन केवल देश को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को अपने भीतर सहेज लेने का सामर्थ्य रखते हैं। यहाँ जो श्रद्धालु आ रहें हैं वे भारत से ही नहीं पूरे विश्व से आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति के महत्व को समझाने का एक सुनहरा अवसर है। यहां क्या मजदूर क्या किसान, बॉलीवुड के कलाकार हो या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, कोई कर्मचारी हो या देश के राष्ट्रपति हर कोई इस पावन अवसर का लाभ उठाना चाहता है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। भाग्य आपका पूरा साथ देगा। कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस में आपको शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जा सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपको एक से ज्यादा स्रोत से आय होगी। आय होने की संभावना है। तरक्की के साथ आपकी कीर्ति भी बढ़ेगी।

### वृष

आज नई योजनाओं पर केंद्रित रहेगा। यात्रा से मन प्रसन्न रहेगा और नयापन महसूस होगा। कोई कानूनी विवाद आपके पक्ष में सुलझ सकता है। स्थान परिवर्तन के भी योग बन रहे हैं। दिन के दूसरे हिस्से में कुछ उलझनें आ सकती हैं, लेकिन आपका पराक्रम बढ़ेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और कोई शुभ कार्य हो सकता है।

### तुला

आज दिन लाभदायक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े विवाद सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट में सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। आपके जमीन-जायदाद के किसी मामले में परिवार या आस-पास के लोग परेशानी खड़ी करने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में किसी से विवाद न करें और अपने काम से काम रखें।

### वृश्चिक

आज दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। आपको दिन भर लाभ के अवसर मिलेंगे, इसलिए सक्रिय रहें। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरी या व्यापार में कुछ नया करने से आगे चलकर फायदा होगा। काम में नई ऊर्जा आएगी और तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। भाग्य आपका साथ दे रहा है।

### मिथुन

आज दिन रचनात्मक कार्यों के लिए बेहतरीन है। किसी क्रिएटिव काम को करने में आपको सफलता प्राप्त होगी। आपको वह काम करने का मौका मिलेगा जो आपको सबसे ज्यादा पसंद है। इससे आपको सुकून मिलेगा और नए विचार भी मन में आएंगे।

### कर्क

आज दिन रचनात्मकता से भरा है। जिस काम को आप लगन से करेंगे, उसका फल आपको जरूर मिलेगा। अधूरे काम पूरे होंगे। ऑफिस में आपके विचार के अनुसार माहौल बनेगा और सहकर्मी आपका साथ देंगे। शाम को किसी शुभ अवसर पर जाने का मौका मिल सकता है, जिससे आपका सम्मान बढ़ेगा।

### धनु

आज हर कार्य में सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। व्यापार में थोड़ा जोखिम उठाने से लाभ होगा और आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजमर्रा के काम से हटकर कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। किसी अपने के लिए आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। नए अवसर आपके आसपास हैं, उन्हें पहचाने और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करें।

### मकर

आज दिन सामान्य रहेगा। आपको पार्टनरशिप वाले बिजनस में लाभ होगा और तरक्की मिलेगी। व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। घरेलू कामों को निपटाने का आज अच्छा मौका है। संतान के करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। तरक्की होगी और मन प्रसन्न रहेगा। ईमानदारी से काम करें और नियमों का पालन करें।

### सिंह

आज दिन काफी व्यस्त रहेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं और आपको लाभ होगा। शुभ कार्यों में सफलता मिलेगी। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपको इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। रात का समय किसी मांगलिक कार्य में बीतेगा।

### कन्या

आज लाभ होगा, लेकिन हर काम संयम और सावधानी से करेंगे तो आपको सफलता प्राप्त होगी। किसी से भी टकराव से बचें। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास से काम करें। शाम के समय स्थिति और बेहतर होगी और लोग आपकी बातों को महत्व देंगे।और उनसे आपको लाभ होगा।

### कुंभ

आज करियर में लाभ होगा। कुछ लोगों को हर काम सावधानी से करने की सलाह है। मौसम में बदलाव के कारण सेहत से जुड़ी परेशानी हो सकती है। खानपान का ध्यान रखें। व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहेगा। जल्दबाजी में कोई गलती न करें। सोच-समझकर खर्च करें और फिजूलखर्ची से बचें। परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार की मदद प्राप्त होगी और भाग्य में वृद्धि के योग हैं।

### मीन

आज दिन करियर के लिहाज से अच्छा होगा। कारोबार में जोखिम उठाने से फायदा होगा। परेशानियों को धैर्य और विनम्रता से सुलझाएं। बुद्धिमानी से काम लेकर आप वह सब कुछ पा सकते हैं जो आप चाहते हैं। किसी जरूरतमंद की मदद करने से आपको लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बने हैं और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में महंगी हो गई बीयर, सरकार ने कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने की अनुमति दी



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना सरकार ने तेलंगाना बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को बीयर की कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने की अनुमति दे दी है। यूबीएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि यह निर्णय वर्ष 2019-20 से कंपनी की बीयर की कीमतों में संशोधन न करने के कारण राज्य में हुए भारी नुकसान के कारण लिया गया था। यह निर्णय ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के अनुरोध के बाद और यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड द्वारा आपूर्ति रोकने के बाद आया है। आठ जनवरी को यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल) ने घोषणा की कि उसने तेलंगाना बेवरेजेज कॉरपोरेशन को अपनी बीयर की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। इसके अतिरिक्त, यूबीएल ने दावा किया कि टीजीबीसीएल पर पिछली बीयर आपूर्ति के लिए काफी बकाया है। हालांकि, इस बारे में किसी विशेष विवरण का खुलासा नहीं किया गया। हालांकि, यूनाइटेड ब्रूअरीज ने बाद में आपूर्ति फिर से शुरू कर दी। बीएआई ने बयान में कहा, हालांकि, जिस वृद्धि की अनुमति दी जा रही है, वह उत्पादन की लागत में वृद्धि या उद्योग की अपेक्षा से कम है, लेकिन हम इसका स्वागत करते हैं क्योंकि यह संकेत देता है कि सरकार राज्य में व्यवसाय लाभप्रदता पर उद्योग की चिंताओं के प्रति सजग है और इस पर विचार करने के अपने वादे पर खरी उतरी है। बीएआई के महानिदेशक विनोद गिरी ने कहा कि बाजार संचालित प्रणाली सभी को लाभ पहुंचाने का सबसे कुशल तरीका है और हम इस दृष्टिकोण की वकालत करने के लिए सरकार के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

### जीबीएस का बढ़ रहा कहर, मुंबई में हुई पहली मौत; अब तक 8 ने गंवाई जान



**मुंबई, एजेंसी।** जीबीएस यानी गुलियन बार सिंड्रोम का कहर जारी है। खबर है कि अब देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वली मुंबई में भी पहले मरीज की मौत हो गई है। इससे पहले महाराष्ट्र के ही पुणे में 7 मरीज जीबीएस के चलते जान गंवा चुके हैं। देश के कम से कम 2 राज्यों में जीबीएस के मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नायर अस्पताल में भर्ती 53 वर्षीय मरीज ने जीबीएस के चलते दम तोड़ दिया। वह वेंटिलेटर पर थे। शुक्रवार को ही शहर में जीबीएस का पहला मामला सामने आया था। तब 64 साल की एक महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीएमसी अधिकारियों ने बताया कि शहर के अंधेरी पूर्व क्षेत्र निवासी महिला को बुखार और दस्त के बाद लकवाग्रस्त हो जाने की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जीबीएस एक दुर्लभ विकार है, जिसमें व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता परिधीय तंत्रिका पर हमला करती है, जिससे शरीर के हिस्से अचानक सुन्न पड़ जाते हैं। मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और कुछ निगलने या सांस लेने में भी दिक्कत होती है। जीबीएस के गंभीर मामलों में मरीज पूरी तरह लकवाग्रस्त तक हो सकता है। अधिकतर वयस्कों और पुरुषों में इस विकार के होने के आसार ज्यादा हैं, हालांकि सभी उम्र के लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं। जीबीएस के चलते पुणे के 37 वर्षीय एक वाहन चालक की शहर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही, पुणे में जीबीएस से जुड़ी मौतों की संख्या बढ़ कर सात हो गई थी, जिनमें संदिग्ध और पुष्टि हो चुके मामले, दोनों शामिल हैं। मुंबई में एक और मौत के बाद आंकड़ा बढ़कर 8 हो गया है।

### तलाक केस में बोला ओडिशा हाईकोर्ट- पढ़ी-लिखी पत्नी मेंटेनेंस के लिए घर में बैठी नहीं रह सकती

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा हाईकोर्ट ने तलाक के एक मामले में परिवार न्यायालय द्वारा निर्धारित भरण-पोषण राशि को घटाते हुए एक अहम बात कही है। कोर्ट का कहना है कि अगर पत्नी शिक्षित हो, उसके पास नौकरी का अनुभव हो तो वह अपने पति से भरण-पोषण का दावा करने के लिए घर में बैठी नहीं रह सकती है। उसे काम करना चाहिए। इसके अलावा अदालत ने मेंटेनेंस की राशि को 8000 रुपये से घटाकर 5000 रुपये प्रति माह कर दिया। न्यायमूर्ति गौरिशंकर सतपती ने कहा, कानून उन पत्नियों को नहीं सराहता है जो केवल इसलिए निष्क्रिय रहती हैं ताकि पति पर भरण-पोषण का बोझ डाल सकें। वह अगर अच्छे और उच्च योग्यताएं रहते हुए काम करने का प्रयास नहीं करती है तो यह ठीक नहीं है। फैसला सुनाते हुए उन्होंने आगे कहा, सीआरपीसी की धारा 125 के तहत विधायिका का उद्देश्य उन पत्नियों को राहत प्रदान करना है जो अपनी देखभाल करने में असमर्थ हैं और जिनके पास अपनी जीविका के लिए पर्याप्त आय नहीं है।

# हिमाचल प्रदेश में यूपीएस लागू करने की संभावनाओं पर मंथन शुरू, कैबिनेट में चर्चा करेगी सुक्खू सरकार

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में निगमों व बोर्डों को छोड़कर अन्य सरकारी महकमों में कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लागू किया जा चुका है और पिछले दो सालों में 700 से ज्यादा कर्मचारियों ने रिटायरमेंट के बाद ओपीएस का लाभ लिया है। इसके बावजूद अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर इस प्रस्ताव पर गहन मंथन शुरू हो चुका है और इसे जल्द ही कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। राज्य सरकार इस बात का आकलन कर रही है कि यूपीएस लागू करने से कर्मचारियों और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। दरअसल, प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही ओपीएस को बहाल कर दिया था जो कि पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र की पहली गारंटी थी। हालांकि अभी तक विभिन्न बोर्डों और निगमों में इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा सका है। इस बीच केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को यूपीएस लागू करने को लेकर पत्र भेजा है, लेकिन सरकार ने इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।



**यूपीएस लागू होने से हिमाचल को मिलेगी 1600 करोड़ की मदद :** यूनिफाइड पेंशन स्कीम केंद्र सरकार की एक योजना है जिसमें सरकारी कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि और अंतिम वेतन के आधार पर पेंशन देने का प्रावधान है। यदि हिमाचल सरकार इस योजना को अपनाती है, तो राज्य को केंद्र से प्रतिवर्ष 1600 करोड़ रुपये की विशेष आर्थिक सहायता मिल सकती है।

वर्तमान में हिमाचल सरकार ओपीएस को लागू करने के कारण वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रही है। जानकारी अनुसार यदि यूपीएस को अपनाया जाता है तो इससे पेंशन पर होने वाले भारी व्यय को नियंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा राज्य को केंद्र से मिलने वाली आर्थिक सहायता से विकास कार्यों को भी गति दी जा सकेगी।

**कर्मचारी महासंघ का कड़ा विरोध :** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ ने यूपीएस को खारिज कर दिया है और ओपीएस को बरकरार रखने की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर (प्रदीप गुट) ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ओपीएस को बदलने का प्रयास करती है तो कर्मचारी इसका पुरजोर विरोध करेंगे। महासंघ का तर्क है कि कर्मचारियों ने ओपीएस की बहाली के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है और अब किसी भी नई योजना को लागू करने का कोई औचित्य नहीं है।

**राजनीति गरमाने के आसार :** यूपीएस लागू करने की संभावनाओं के बीच यह मामला अब सियासी तूल पकड़ सकता है। राज्य सरकार के मंत्री भी इस पर अपने-अपने बयान दे रहे हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सरकार कर्मचारियों के हितों और राज्य की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पेंशन योजना पर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि जब हिमाचल में ओपीएस लागू की गई थी, उस समय यूपीएस अस्तित्व में नहीं थी। अब केंद्र सरकार की ओर से यह विकल्प सामने आया है, लिहाजा सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है।

विक्रमादित्य सिंह ने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश को केंद्र से अपने 9000 करोड़ रुपये अभी तक नहीं मिले हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू इस मुद्दे को कई बार सार्वजनिक रूप से उठा चुके हैं। कर्मचारियों ने भी इस राशि को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

**मुख्यमंत्री लेंगे अंतिम निर्णय = विक्रमादित्य सिंह :** विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि इस पूरे मसले पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू लेंगे। उनका कहना है कि वह कर्मचारियों की भावनाओं का सम्मान करेगी, लेकिन साथ ही प्रदेश की आर्थिक स्थिति को भी ध्यान में रखना जरूरी है। आने वाले दिनों में कैबिनेट बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा होगी और फिर सरकार अपना अंतिम रुख तय करेगी।

## रायपुर में मतदान के बीच हुई डकैती, मिलिट्री ड्रेस में आए बदमाशों ने घर में घुसकर ऐसे लूटे 60 लाख



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगर निगम चुनाव के बीच बदमाशों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। अनुपम नगर में चार नकाबपोश बदमाशों ने 60 लाख रुपये की डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। लुटेरों ने पहले परिवार को बंधक बनाया और फिर जबरदस्ती पैसे लूटकर रफूचक्कर हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस के अफसर पहुंचे हैं। यह मकान प्रेमा वेलु का है। घटना के वक्त घर में प्रेमा, रजनी और मनहरान वेलु थे।

**घर में घुसकर ऐसे लूटे 60 लाख :** जानकारी के मुताबिक खम्हारडीह थाना इलाके के अनुपम नगर में दिनदहाड़े डकैती की वारदात हुई है। पीड़ित वनोहरण वेणु ने बताया कि अपनी जमीन बेचकर 60 लाख रुपये नकद घर पर रखे थे। चार डकैत मिलिट्री का ड्रेस पहनकर घर में जबरदस्ती घुस आए। कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले उन्होंने पिस्टल तान दी। परिवार के लोगों को बंधक बना लिया। पिस्टल कनपट्टी पर टिका दी। हल्ला मचाने पर घर को बम से उड़ाने की धमकी भी दे रहे थे। बदमाशों ने परिवार को दहशत में डालने के बाद घर में रखे 60 लाख रुपये की डकैती कर फरार हो गए। एडिशनल एसपी क्राइम संदीप मित्तल ने बताया कि डकैती की सूचना मिली है। पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। डॉग स्कॉड की भी मदद ली जा रही है। शहर और जिलों के बॉर्डर पर नाकेबंदी कर चेकिंग की जा रही है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर मुखबिरों को सक्रिय कर दिया गया है। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने घर में मौजूद सदस्यों में से दो महिलाओं और एक पुरुष को पहले बंधक बनाया।

## ठंडे पानी से नहाऊंगा, रोटी खाऊंगा फिर लिखूंगा जवाब; भाजपा के नोटिस पर अनिल विज ने भी दिखाए तेवर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ बयानबाजी के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी होने के बावजूद परिवहन मंत्री अनिल विज ने अपने तीखे तेवर बरकरार रखे हैं। उन्होंने नोटिस पर आज शाम को पहली प्रतिक्रिया दी। कहा कि मैं पहले घर जाऊंगा, ठंडे पानी से नहाऊंगा, रोटी खाऊंगा और फिर जवाब लिखूंगा और हाईकमान को भेजूंगा। भाजपा ने उन्हें नोटिस देकर तीन दिन के भीतर जवाब देने का आदेश दिया है। मंगलवार शाम बेंगलुरु से चंडीगढ़ पहुंचे अनिल विज ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुझे मीडिया के जरिये ही नोटिस के बारे में पता चला है लेकिन इसका जवाब मैं मीडिया के जरिए नहीं दूंगा। मैंने पार्टी को जवाब देना है। मैं तीन दिन से बेंगलुरु था, आज आया हूं। बैठकर जवाब लिखूंगा और फिर हाईकमान को भेजूंगा। नोटिस में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सहमति होने संबंधी सवाल पर विज ने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि किसकी सहमति है, सीएम नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ बयानबाजी करने पर अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद आज मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात ?की और अनिल विज के मामले में बात की।

# छत्तीसगढ़ में कमजोर हो रहा नक्सलवाद, घटनाओं में 47 फसदी की कमी, सरकार ने दे दिया पूरा डेटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के खिलाफ निरंतर लड़ाई लड़ रहा है। बीते दिन बीजापुर में सुरक्षाबलों ने अपनी वीरता का परिचय देते हुए 31 नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। इससे पहले एक एनकाउंटर में 8 नक्सलियों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। आज केंद्र सरकार ने भी प्रदेश में नक्सलवाद को लेकर सदन में डाटा पेश किया है। सरकार ने लोकसभा में बताया कि छत्तीसगढ़ में 2010 की तुलना में 2024 में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 47 प्रतिशत और ऐसी हिंसा के परिणामस्वरूप नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की मौतों में 64 प्रतिशत की कमी देखी गई है। एक प्रश्न के उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि राज्य में 2010 में रिपोर्ट किए गए 499 मामलों की तुलना में 2024 में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) हिंसा के 267 मामले दर्ज किए गए। नित्यानंद राय ने कहा कि नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौतों में भी 2010 की तुलना में 64 प्रतिशत की कमी आई है। राय ने कहा कि राज्य को पिछले पांच वर्षों के दौरान सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत सभी एलडब्ल्यूई प्रभावित राज्यों को जारी किए गए 1925.83 करोड़ रुपये का 43 प्रतिशत से अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि एसआरई योजना एलडब्ल्यूई प्रभावित राज्यों को एलडब्ल्यूई हिंसा में मारे गए नागरिकों और सुरक्षा बलों के परिवारों को अनुग्रह राशि के प्रावधान, सुरक्षा बलों की



प्रशिक्षण और परिचालन संबंधी जरूरतों,आत्मसमर्पण किए गए नक्सली कैडरों के पुनर्वास,सामुदायिक पुलिसिंग और नक्सली हिंसा में संपत्ति के नुकसान के लिए सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों को मुआवजा प्रदान करके क्षमता निर्माण के लिए धन प्रदान करती है। मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत पिछले पांच वर्षों (2019-20 से अब तक) के दौरान सभी एलडब्ल्यूई प्रभावित राज्यों को 1925.83 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए 829.80 करोड़ रुपये शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को पिछले पांच वर्षों के दौरान विशेष बुनियादी ढांचा योजना (एसआईएस) के तहत सभी एलडब्ल्यूई प्रभावित राज्यों को जारी किए गए कुल 394.31 करोड़ रुपये का 21.6 प्रतिशत भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विशेष बलों,विशेष खुफिया शाखाओं (एसआईबी) और जिला पुलिस को मजबूत करना है। इसमें छत्तीसगढ़ के लिए 85.42 करोड़ रुपये शामिल हैं। एलडब्ल्यूई प्रभावित राज्यों के लिए सात सौ दो किलेनुमा पुलिस स्टेशन (एफपीएस),जिनमें छत्तीसगढ़ के लिए 147 शामिल हैं, स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 612 एफपीएस, जिनमें छत्तीसगढ़ में 125 शामिल हैं, का निर्माण किया गया है।

# राहुल गांधी को लखनऊ कोर्ट से समन, सेना पर की थी विवादित टिप्पणी; 24 मार्च को पेशी

**लखनऊ, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक बार फिर अपने बयानों को लेकर फंस गए हैं। 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना पर किए गए विवादित टिप्पणी को लेकर लखनऊ की एक अदालत ने उन्हें समन जारी किया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 24 मार्च तय की है। राहुल गांधी को लखनऊ एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश होना होगा। यह यह तरह की एक विशेष अदालत है, जो सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करती है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने राहुल गांधी के खिलाफ यह शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, राहुल गांधी ने दिसंबर 2022 में अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सेना को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। राहुल गांधी ने क्या कहा था : राहुल गांधी ने



कथित तौर पर कहा था, चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सेना के जवानों को पीट रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी सरकार पर कटाक्ष के लिए की थी। यह बयान वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की गतिविधियों को लेकर दिया गया था। इस टिप्पणी के बाद बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हुआ और राहुल गांधी की तीखी आलोचना की गई। भाजपा के कई नेताओं ने राहुल गांधी को राष्ट्र-विरोधी करार दिया। साथ ही, उन्होंने गांधी परिवार पर राजीव गांधी फाउंडेशन के जरिए चीन से धन और आतिथ्य प्राप्त करने का भी आरोप लगाया। हालांकि, इन आलोचनाओं के बावजूद राहुल गांधी ने चीन के मुद्दे पर सरकार को घेरना जारी रखा।

**मानहानि मामले में संसद से निलंबन :** मार्च 2023 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरनेम पर की गई एक टिप्पणी के मामले में दोषी ठहराया गया था। गुजरात की एक अदालत ने इस मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें कुछ समय के लिए संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने बाद में उन्हें राहत दी और उनकी सजा पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि निचली अदालत ने अधिकतम दो साल की सजा दी थी। यदि सजा एक दिन भी कम होती, तो उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया जाता।

# एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मंगलवार को न्यू महाराष्ट्र सदन में महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। पुणे स्थित सरहद संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने शिंदेको पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे। इस अवसर पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। मैं महादजी शिंदे की स्मृति को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने दिल्ली के सिंहासन की रक्षा की। इस सम्मान के साथ जो जिम्मेदारी आती है, वह इससे भी बड़ी है। इस पुरस्कार को प्रदान करने के लिए मैं बहुत-बहुत आभारी हूं। यह पुरस्कार मुझे शरद पवार जी के हाथों से मिला है, जो मेरे लिए गौरव की बात है। यह पुरस्कार मिलने के बाद मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं महाराष्ट्र में कहीं भी जाता हूं, तो लोग शिवसेना में शामिल होने के लिए आते हैं। जहां जाता हूं, वहां पर लोग हमारी पार्टी शिवसेना में आते हैं। अब दिल्ली में आया हूं, तो दिल्ली में भी कई लोग शिवसेना में शामिल हुए हैं। लोग लगातार हमारी पार्टी से जुड़ रहे हैं। ढाई



साल पहले मैं एक बड़ा ऑपरेशन कर चुका हूं, उसके बाद में छोटे-छोटे ऑपरेशन अब कर रहा हूं। लोग उद्धव ठाकरे की पार्टी को छोड़कर शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। उद्धव ठाकरे के बयान पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र की जनता ने उनकी जगह कहां है वह दिखा दिया है। अभी वह पीएम मोदी पर आरोप लगा रहे हैं। यह उनको शोभा नहीं देता है। पीएम मोदी देश को आगे बढ़ा रहे हैं, उनके नाम का डंका पूरे देश-विदेश में बज रहा है। हमारा देश आज तरक्की कर रहा हैं। आज देश वैश्विक स्तर आर्थिक महाशक्ति बनकर उभर रहा है। केंद्र सरकार ने बजट के जरिए एक सामान्य नागरिक को फायदा पहुंचाने का काम किया है। कुछ लोग कहते थे कि गरीबी हटाओ, लेकिन गरीबी हटी नहीं। वर्तमान समय में पीएम मोदी गरीबों के लिए बेहतर काम कर रहे है।

# आंध्रप्रदेश में महिलाएं करेंगी वर्क फ्रॉम होम, खुद सीएम ने किया योजना का खुलासा

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि उनकी सरकार राज्यभर में महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम देने की नीति और योजना पर काम कर रही है। नायडू ने कहा कि उनकी सरकार सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति 4.0 के तहत राज्यभर में महिलाओं के लिए घर से काम करने की नीतियों को बड़े पैमाने पर लागू करने की योजना बना रही है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ये योजना कब से अमल में आएंगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में नायडू ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं और लड़कियों को इंटरनेशनल डे आफ वूमेन एंड गर्ल्स इन साइंस के मौके पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ट्वीट किया, आज, हम उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं और उन्हें इन क्षेत्रों में विकास के अवसरों तक समान और पूर्ण पहुंच प्रदान करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करते हैं। सीएम के पोस्ट से साफ होता है कि ऐसी महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिल सकता है, जो तकनीकि, गणित और विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत हैं। टीडीपी नेता ने यह भी कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्क कल्चर में काफी



बदलाव आया है और तकनीक ने घर से काम करने की संकल्पना को सहज बनाया है। नायडू ने कहा, रिमोट वर्क, कोवर्किंग स्पेस (सीडब्ल्यूएस) और नेबरहुड वर्कस्पेस (एनडब्लयूएस) जैसी अवधारणाएं व्यवसायों और कर्मचारियों को लचीला, उत्पादक कार्य वातावरण बनाने के लिए सशक्त बना सकती हैं। उन्होंने कहा, ऐसी पहल हमें बेहतर कार्य-जीवन संतुलन बनाने में भी मदद कर सकती हैं। इसलिए, हम आंध्र प्रदेश में सार्थक बदलाव लाने के लिए इन इसका लाभ उठाने की योजना बना रहे हैं। आंध्र प्रदेश आईटी और जीसीसी नीति 4.0 उस दिशा में एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। हम डेवलपर्स को हर शहर/कस्बे/मंडल में आईटी कार्यालय बनाने के लिए प्रोत्साहन दे रहे हैं और जमीनी स्तर पर रोजगार पैदा करने के लिए आईटी/जीसीसी फर्मों का समर्थन कर रहे हैं। नायडू ने उम्मीद जताई कि इन पहलों से महिला कार्यबल में अधिक भागीदारी को बढ़ावा मिल सकेगा, जो लचीले रिमोट/हाइब्रिड कार्य विकल्पों के माध्यम से लाभ उठा सकती हैं। बता दें कि देश में अभी तक इस तरह का राष्ट्रव्यापी वर्क फ्रॉम होम की नीति नहीं है, लेकिन कुछ खास कंपनियों और सेक्टर्स में कर्मचारी अभी भी वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं।

# शुभमन गिल ने बनाया यूनिक रिकॉर्ड, एक ही मैदान पर तीनों फॉर्मेट में लगाए शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के आखिरी और तीसरे वनडे में शतक लगाकर यूनिक रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। गिल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में एक ही मैदान पर शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इस लिस्ट में अभी तक कोई भारतीय शामिल नहीं था।

गिल ने 31.2 ओवर में मार्क वुड की गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया और रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इसी मैदान पर टेस्ट शतक, टी20 शतक और अब वनडे शतक भी यहीं है। इस सूची में आईपीएल शतक भी शामिल है। यह एक बेहतरीन पारी है। शुरुआत में गेंद सीम और स्विंग कर रही थी। उन्होंने अपना समय लिया लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे उस चरण से निपटने के लिए बेहतरीन स्थिति में थे और एक बार जब वे इससे आगे निकल गए तो उन्होंने दिखाया कि वे इस मैदान पर क्यों राज करते हैं। टीम के साथी और प्रशंसक उनके 7वें वनडे शतक का स्वागत करने के लिए खड़े हो गए। उन्होंने हेलमेट उतार दिया, बल्ला उठाया और जश्न मनाते हुए झुके। गिल की पारी का अंत 34.3 ओवर में आदिल राशिद की गेंद पर बोल्ड हुए। गिल ने अपनी पारी के दौरान 102 गेंदों का सामना किया और 14 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 109 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाए। अपनी पारी के अंत के साथ ही गिल वनडे की पहली 50 पारियों में सर्वाधिक 2587 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने हाशिम अमला का रिकॉर्ड तोड़ा जो इससे पहले 2486 रन बनाते हुए पहले स्थान पर थे।

### तीनों प्रारूपों में एक ही स्थान पर शतक

फाफ डु प्लेसिस - वांडरर्स, जोहान्सबर्ग
डेविड वार्नर - एडिलेड ओवल
बाबर आजम - नेशनल स्टेडियम, कराची
क्विंटन डी कॉक - सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन
शुभमन गिल - मोटेरा, अहमदाबाद

### वनडे में पहली 50 पारियों के बाद सर्वाधिक रन

2587 शुबमन गिल
2486 हाशिम अमला
2386 इमाम-उल-हक
2262 फखर जमान
2247 शाई होप

## फ्रीस्टाइल शतरंज में गुकेश ने नाकामुरा से ड्रॉ खेला, पांचवें से आठवें स्थान के प्लेऑफ का था मुकाबला

हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी। ड्रॉ नहीं खेलने के लिए मशहूर हो चुके गुकेश ने इस टूर्नामेंट में आठवीं बाजी ड्रॉ खेली। सात बाजियां उन्होंने प्रारंभिक दौर में ड्रॉ खेलीं। विश्व चैंपियन डी गुकेश को फ्रीस्टाइल शतरंज के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में अमेरिकी हिकारु नाकामुरा ने ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं, सेमीफाइनल मुकाबलों में मैग्नस कार्लसन को पहले मैच में विन्सेंट कीमर से हार मिली, जबकि कारुआना और उज्बेकिस्तान को जावोखिर सिंदारोव के बीच बाजी ड्रॉ रही।

ड्रॉ नहीं खेलने के लिए मशहूर हो चुके गुकेश ने इस टूर्नामेंट में आठवीं बाजी ड्रॉ खेली। सात बाजियां उन्होंने प्रारंभिक दौर में ड्रॉ खेलीं। दिन का सबसे बड़ा परिणाम जर्मनी के कीमर की विश्व नंबर एक और इस प्रारूप के सूत्रधार मैग्नस कार्लसन पर जीत रही। अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल 0-2 से हारने के बाद गुकेश ने नाकामूरा के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ अंक बांटे। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं, जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है।

## स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता का निधन, दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का दिल का दौरा पड़ने से मंगलवार को निधन हो गया। मंगलवार को ही इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा गुरुवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने महिला युगल में रजत और मिश्रित युगल में कांस्य भी जीता था। भारत की शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने पिछले साल सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन किया था और करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गई थीं। वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थीं। तब उन्होंने 15 स्थान की लंबी छलांग लगाई थी। हालांकि, वह मौजूदा समय में महिला एकल में 25वें रैंक पर हैं। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में मनिका का एकल में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वहीं, महिला टीम के साथ मिलकर उन्होने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था।

## महिलाओं के खेल इवेंट में ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर पाबंदी की तैयारी, विश्व एथलेटिक्स ने कसी कमर

वाशिंगटन, एजेंसी। महिला वर्ग में पारदर्शिता लाने के लिए विश्व एथलेटिक्स 1990 में बंद कर दिए गए उस क्रोमोसोम टेस्ट को भी लाने की तैयारी कर रहा है, जिससे महिला में वाई क्रोमोसोम (पुरुष क्रोमोसोम) के होने का पता लग जाएगा। विश्व एथलेटिक्स ने एथलेटिक्स की महिला इवेंट में ट्रांसजेंडर और पुरुषत्व के लक्षण वाले एथलीटों की भागीदारी पर पूरी तरह पाबंदी लगाने की तैयारी कर ली है। विश्व एथलेटिक्स ऐसे नियम लाने जा रहा है, जिससे महिला वर्ग में ट्रांसजेंडर एथलीट, लिंग विकास में अंतर (डीएसडी) वाली महिला एथलीट और पुरुष से महिला में परिवर्तित हुए एथलीटों के महिला वर्ग में खेलने पर पूरी तरह पाबंदी लग जाएगी। महिला वर्ग में पारदर्शिता लाने के लिए विश्व एथलेटिक्स 1990 में बंद कर दिए गए उस क्रोमोसोम टेस्ट को भी लाने की तैयारी कर रहा है, जिससे महिला में वाई क्रोमोसोम (पुरुष क्रोमोसोम) के होने का पता लग जाएगा। इस टेस्ट में महिला एथलीट के गाल के स्वैब का सैंपल लिया जाएगा या फिर उसके सूखे हुए खून का परीक्षण होगा।

## नेशनल गेम्स राउंड अप:

# ज्योति याराजी और अनिमेष कुजूर को स्वर्ण

### पदक तालिका में सेना शीर्ष पर बरकरार




**देहरादून, एजेंसी।** सौ मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता आंध्र प्रदेश की 25 वर्षीय याराजी ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिल्ली की मध्यम दूरी की धाविका केएम चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर में अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया।

बाधा दौड़ की स्टार खिलाड़ी ज्योति याराजी और फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेलों में अपना क्रमशः दूसरा और तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि पैदल चाल के 15 खिलाड़ियों ने खेलों के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना इस बीच पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इससे पहले 100 मीटर और चार गुणा 100 मीटर का खिताब जीतने वाले ओडिशा के 21 वर्षीय कुजूर ने 20.58 सेकेंड के समय के साथ पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण पदक जीता। उनका यह समय गुजरात में 2022 में असम के अमलान बोरगोहेन के 20.55 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से थोड़ा अधिक था। सौ मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता आंध्र प्रदेश की 25 वर्षीय याराजी ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिल्ली की मध्यम दूरी की धाविका केएम चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर में अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने दो मिनट 0.82 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2022 प्रतियोगिता के दो मिनट 1.58 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के अपने पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया। उन्होंने इससे पहले 1500 मीटर में भी स्वर्ण जीता था।

मंगलवार को सेना ने नौ स्वर्ण सहित 17 पदक जीते और 54 स्वर्ण, 22 रजत, 21 कांस्य सहित कुल 97 पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि खेलों में अब केवल दो दिन बचे हैं। पिछले सत्र की शीर्ष टीम महाराष्ट्र 144 पदक (41 स्वर्ण, 51 रजत, 52 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर है। कर्नाटक 75 पदक (33 स्वर्ण, 18 रजत, 24 कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि हरियाणा (28 स्वर्ण, 40 रजत, 44 कांस्य) और मध्य प्रदेश (25 स्वर्ण, 18 रजत, 18 कांस्य) शीर्ष पांच में शामिल हैं।

## लीजेंड लीग पर आग बरसा रहा है शिखर धवन का बल्ला, खेली शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी



**रायपुर (छत्तीसगढ़) (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन लीजेंड 90 लीग में बल्ले से आग बरसाते नजर आ रहे हैं। उन्होने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली।

आठ से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे धवन ने लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जाते हुए कहा कि, च्च् यह टूर्नामेंट रिटायर्ड खिलाड़ियों को एक बार फिर उसी रोमांच को जीने का मौका दे रहा है, जो कभी उनका हिस्सा हुआ करता था। उन्होंने कहा कि, च्च् लीग को बहुत अच्छे तरीके आयोजित किया गया है। चाहे मैदान हो, विकेट हो, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो, सभी चीजें बहुत बढ़िया हैं, खासकर प्रशंसकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, वह देखने लायक है।

90 बॉल क्रिकेट का या फटाफट प्रारूप हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए एक अलग ही अनुभव है। हमने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जबरदस्त प्रेशर के साथ खेला है, लेकिन यहां हम खेल पर फोकस करने के साथ ही एंजॉय भी कर सकते हैं। शिखर ने कहा, इस लीग का क्रेज बहुत जबरदस्त है और मुझे पूरा यकीन है कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह दर्शकों से इसे भरपूर प्यार मिलने वाला है। प्रशंसक इसका सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। डिजिटल स्ट्रीमिंग फैन कोड और सोनी लिव पर उपलब्ध है।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुम्भनगर (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद बुधवार को दोनों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने नाव पर सवार होकर सेल्फी भी सोशल मीडिया में अपलोड की और माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की।



इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत नजर आए। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ सिर्फ एक शब्द लिखा 'ब्लेस्ड (आशीर्वाद)। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला।

अपनी फिरकी से विरोधी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले अनिल कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना।

# चैंपियंस ट्रॉफ़ी से हटे स्टार्क, कप्तानी करेंगे स्मिथ

**मेलबर्न, एजेंसी।** मिचेल स्टार्क ने व्यक्तिगत कारणों से चैंपियंस ट्रॉफ़ी से अपना नाम वापस ले लिया है और ऑस्ट्रेलिया ने एक अलग दिखने वाली 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है जिसकी कप्तानी स्टीवन स्मिथ करेंगे। मार्कस स्टॉयनिस के संन्यास के साथ-साथ पैट कमिंस, जॉश हेज़लवुड और मिशेल मार्श की चोटों के कारण ऑस्ट्रेलिया को पहले ही अपनी स्थायी टीम में कई बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।




स्टार्क की अनुपस्थिति का मतलब है कि वे पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फ़रवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अपने पूरे विश्व कप विजेता फ़्रंटलाइन तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण के बिना उतरेंगे। स्टार्क ने अपने फ़ैसले के बारे में गोपनीयता की मांग की है। वह गॉल में दूसरे टेस्ट के बाद के समय में कुछ असुविधा में दिखे थे। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, हम मिच के फ़ैसले को समझते हैं और उसका सम्मान करते हैं। मिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के लिए बड़ा सम्मान दिया जाता है।

दर्द और प्रतिकूल परिस्थितियों में खेलने की उनकी अच्छी तरह से क्षमता, साथ ही अपने देश को पहले स्थान पर रखने के लिए अपने करियर के अन्य हिस्सों में अवसरों को छोड़ने की सराहना की जानी चाहिए। उनका चैंपियंस ट्रॉफ़ी अभियान में नहीं होना भले ही एक झटका है, लेकिन इससे किसी और को टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने का मौक़ा मिलेगा।

## एशिया मिक्सड टी चैम्पियनशिप:

# भारत ने मकाऊ पर दर्ज की बड़ी जीत, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

### अब कोरिया से सामना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने दुबई में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। अब उसका ग्रुप चरण के अंतिम मैच में गुरुवार को सामना कोरिया से होगा। भारतीय बैडमिंटन टीम ने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रुप डी के अपने शुरुआती मैच में मकाऊ को 5-0 से हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रही। भारत ने दुबई में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। अब उसका ग्रुप चरण के अंतिम मैच में गुरुवार को सामना कोरिया से होगा।

मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया।

मालविका बंसोड ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की।

चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

# नीरज चोपड़ा ने मोटापे से लड़ने का दिया संदेश, प्रधानमंत्री मोदी ने किया समर्थन






**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के एक सोशल मीडिया पोस्ट को कोट करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था कि स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है।

पोस्ट में नीरज ने एक लेख साझा किया था। नीरज चोपड़ा के इसी पोस्ट को कोट करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि नीरज चोपड़ा द्वारा लिखा गया एक ज्ञानवर्धक और प्रेरक लेख, जो मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की आवश्यकता पर जोर देता है। इससे पहले नीरज चोपड़ा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक लेख शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के खिलाफ लड़ाई एक ऐसी चीज है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा। आइए हम सब मिलकर भारत को फिट बनाने के माननीय पीएम नरेंद्र मोदी जी के सपने का समर्थन करें! नीरज चोपड़ा ने अपने लेख में कहा था कि जब मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत में मोटापे से लड़ने का आह्वान सुना, तो यह मेरे दिल को छू गया। मैं पहले से ही जानता था कि अधिक वजन होने से क्या संघर्ष होता है, इससे क्या कलंक लगता है और खेल और फिटनेस से क्या बड़ा बदलाव आ सकता है। मेरा खुद का सफर - एक अधिक वजन वाले बच्चे से लेकर ओलंपिक पोडियम तक - दृढ़ संकल्प, सही मानसिकता और अनुशासित दृष्टिकोण का परिणाम रहा है। अगर हमारे पास ये सभी दृष्टिकोण हैं, तो कोई भी बाधा पार कर सकते हैं। नीरज ने आगे लिखा था कि मोटापा सिर्फ़ शारीरिक दिखावट से जुड़ा नहीं है, यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती से जुड़ा है।

आज, भारत में सभी आयु समूहों में मोटापे में खतरनाक वृद्धि देखी जा रही है। बचपन में मोटापा एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है, क्योंकि ज़्यादा से ज़्यादा युवा लोग फास्ट फूड, स्क्रीन पर बहुत ज़्यादा समय बिताने और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण गतिहीन जीवनशैली अपना रहे हैं। इससे न सिर्फ़ उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है, जिससे उनका आत्म-सम्मान कम होता है और मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम बढ़ता है।

# विधायक ने किया जल प्रदाय परियोजना के कार्यों का निरीक्षण



**पन्ना।** पन्ना जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित पवई 2 समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन से कटनी जिले के रीठी विकासखण्ड के 109 ग्राम भी लाभांवित होंगे। मंगलवार को बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय ने शुद्ध पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के संबंध में योजना के हेड वर्क के कार्यों का निरीक्षण किया तथा जिले के बिसानी ग्राम में जल शोधन संयंत्र एवं तेंदूघाट बांध पर निर्माणाधीन इंटेकवेल निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। पवई 2 समूह जल प्रदाय योजना का कार्य जल निगम मर्यादित पन्ना द्वारा किया जा रहा है। अब तक इंटेकवेल का 70 प्रतिशत, जल शोधन संयंत्र का 30 प्रतिशत तथा पाइपलाइन का कार्य लगभग 55 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

विधायक ने निरीक्षण के दौरान इंटेकवेल पर पाइल बेस्ड तकनीक के हर स्टेप को गंभीरता से समझा तथा कार्य में संलग्न सभी श्रमिकों एवं अभियंताओं से कार्यों के संबंध में चर्चा कर शुभकामनाएं दीं एवं टीम के सम्मान की बात भी कही। इस दौरान जल निगम पन्ना के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा द्वारा सभी निर्माण कार्यों तथा अवयवों के बारे में अवगत कराया। साथ ही बांध के पानी की सफाई और रीठी एवं मुड़वारा के 159 ग्राम में पानी पहुंचाने की विस्तारित योजना भी बताई। बहोरीबंद विधायक ने कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता पर संतुष्टि व्यक्त कर ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की इस योजना की सराहना की। कार्य की गुणवत्ता और ऑनलाइन पोर्टल जल रेखा, अनुश्रवण, डेटा मैपिंग इत्यादि की पारदर्शी व्यवस्था के लिए प्रबंध संचालक जल निगम भोपाल का आभार भी माना। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अजय पप्पू मिश्रा, अखिल पाण्डेय सहित भारत पटेल, सतीश नायक, अमित पुरी एवं अभिलाष राय भी उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त

पन्ना

आगामी 25 एवं 27 फरवरी से प्रारंभ होने वाली माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षाओं के लिए थाने से प्रश्न पत्र निकालने एवं केन्द्राध्यक्ष के साथ परीक्षा केन्द्र तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए प्रत्येक अनुभाग में रिजर्व में दो-दो अतिरिक्त कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। पन्ना अनुविभाग अंतर्गत पटवारी महेन्द्र पटेल एवं मनोज वर्मा, अजयगढ़ के लिए पटवारी जगरूप वर्मा एवं पंकज कुशवाहा, गुनौर के लिए पटवारी अमित तिवारी एवं मनीष बागरी, पवई के लिए पटवारी विनोद गौतम एवं राहुल टेकाम तथा शाहनगर अनुविभाग के लिए पटवारी देव सिंह एवं जयपाल सिंह यादव को अतिरिक्त कलेक्टर प्रतिनिधि बनाया गया है।

# जिपं सीईओ ने ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक



**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत आज हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की। सीईओ श्री मरावी ने गत वर्ष 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले हाई स्कूल की जानकारी लेकर इस सत्र में कक्षा 10वीं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि समस्त प्राचार्य प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता का आंकलन कर बच्चों को अच्छे परिणाम के लिए तैयार करें। प्राचार्य अपने स्तर पर विद्यालयीन स्टॉफ के साथ बैठकर कार्य योजना बनाकर योजना बद्ध तरीके से ऐसे छात्रों पर विशेष ध्यान दें। जिपं सीईओ ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए अपने स्तर से वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का मॉड्यूल भी तैयार कराया है, जिसे सभी प्राचार्यों को आज बैठक में वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि दस दिवसों मे छात्र-छात्राओं को इस मॉड्यूल का अध्यापन कराया जाए, जिससे छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन के साथ ही जिले का रिजल्ट भी सम्मानजनक रहे। उन्होंने कहा कि शाला से निरंतर अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की जानकारी संस्था प्रधान के पास होनी चाहिए तथा उन छात्रों को स्कूल लाने के लिए बेहतर प्रयास किए जाने चाहिए। पालक एवं अभिभावक से भी निरंतर संपर्क आवश्यक है। छात्र की वस्तुस्थिति से पालक को अवगत कराएं। सभी प्राचार्यों को निम्न स्तर के बच्चों की साप्ताहिक मॉनीटरिंग तथा उनमें बेहतर सुधार के लिए सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए।

सीईओ श्री मरावी ने कहा कि शिक्षकों का पालकों एवं छात्र-छात्राओं से अच्छा व्यवहार भी होना चाहिए। बैठक में सहायक संचालक अमित जैन, जिला परियोजना समन्वयक अजय कुमार गुप्ता सहित एडीपीसी भारती श्रीवास्तव, एपीसी विभूति मोहन पटेरिया, भानू प्रकाश खरे, पुष्पराज सिंह परमार एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## वन सुरक्षा श्रमिक के परिवार को विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दी गई सहायता राशि



**पन्ना।** उत्तर वनमण्डल पन्ना अंतर्गत देवेन्द्रनगर रेन्ज के ऊमरझाला बीट अंतर्गत पदस्थ रहें वनसुरक्षा श्रमिक गणेश तिवारी को गत दिवस दुखद निधन हो गया। उनके निधन पर विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा पीड़ित परिवार को दस हजार रूपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। ज्ञात हो कि श्री तिवारी काफी दिन से बीमार चल रहे थें, जिन्हे पूर्व में मप्र कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एस.पी.राय के विशेष प्रयास से वनमंडलाधिकारी उत्तर पन्ना गर्वित गंगवार द्वारा पचास हजार रूपये की राशि ईलाज के लिए उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन श्री तिवारी का गत दिवस निधन हो गया। तिवारी के निधन पर वनमंडला अधिकारी गर्वित गंगवार, एसडीओ दिनेश गौर, समस्त वन परिक्षेत्राधिकारी, वन पालो, वन क्षेत्रपालो, परिक्षेत्रे सहायको, द्वारा गहन शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को उक्त दुख सहन करने की शक्ति ईश्वर से देने की कामना की, साथ ही दस हजार रूपये की सहायता राशि सभी ने मिलकर प्रदान की। जिसमें मुख्य रूप से कार्यवाहक वन क्षेत्रपाल एवं परिक्षेत्र सहायक बृजपुर मनोज सिंह बघेल, एस. पी. राय उप प्रान्ताध्यक्ष मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस, बीट प्रभारी सारंग, संजीव मिश्रा बीट प्रभारी बिलखुरा, मुन्ना लाल यादव बीट प्रभारी ऊमर झाला, विवेक द्विवेदी वीटप्रभारी मकरी तथा बृजपुर सर्किल आदि।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस पार्टी की बैठक संपन्न





**पन्ना।** आगामी 13 फरवरी को मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता तथा विधायक एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पन्ना जिले के भ्रमण पर रहेगें। उनके भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा की अध्यक्षता में एवं जिला प्रभारी पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा तथा सह प्रभारी भुपेन्द्र राहुल की उपस्थिती में जिला मुख्यालय तथा गुनौर विधानसभा अन्तर्गत अमानगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई तथा भ्रमण एवं स्वागत को लेकर रणनीति बनाई गई, श्री सिंघार 13 फरवरी को खजुराहो से 08 बजे खजुराहो से चलेगें तथा पन्ना पंहुचेगें, पन्ना बाईपास रोड़ पर उनका भव्य स्वागत पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पन्ना विधान सक्षा क्षेत्र मे किया जायेगा, तत्पश्चात् पन्ना नगर में अनेक स्थानो पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सत्कार किया जायेगा। श्री सिंघार इसके पश्चात् स्थानीय सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेगें तथा जिले की विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दो पर चर्चा करेगें। इसके पश्चात् स्थानीय पत्रकारो से मुखातिब होगें, तत्पश्चात् भगवान श्री जुगल किशोर सरकार के दर्शन करेगें। इसके पश्चात् अमानगंज के लिए प्रस्थान करेगें। अमानगंज के पूर्व द्वारी, पिपरवाह, सहित अन्य स्थानो पर उनका पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा। पन्ना मे आयोजित बैठक में अनेक लोग शामिल रहें, जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ट कांग्रेस नेता राम किशोर मिश्रा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, जीवन लाल सिद्धार्थ, जिला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष अक्षय तिवारी, डॉक्टर कदीर खान, जीतेन्द्र जाटव, मनीष मिश्रा, शशिकांत दीक्षित, मार्तण्ड देव बुन्देला, अनीष खान, पिछडा वर्ग अध्यक्ष राज बहादुर पटेल, अभीषेक चौरसिया, रियासत खान, लखन लाल केवट, कृष्ण अग्रवाल, अनीश खान पिंकू, देबू गोड़, राम चराण अहिरवार, मौसम हुसैन, इजाज खान, सुनील अवस्थी, दीपक तिवारी, वैभव थापक, सरदार सिंह यादव, नरेन्द्र विश्वकर्मा, इसी प्रकार अमानगंज में आयोजित बैठक ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भभूत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष तथा प्रभारी एवं सह प्रभारी उपस्थित रहें। इसके साथ ही राजेन्द्र पान्डेय, माखन लाल पटेल ब्लाक अध्यक्ष पवई सौरभ दुबे, ओम प्रकाश अहिरवार, बलबान सिंह राजपूत, कमल सिंह राजपूत, वसीम खान, पीयूश देव परमार, पुष्पेन्द्र सोनी, अभीषेक दुबे, रावेन्द्र पान्डेय, फईम खान, धूराम चौधरी, नीरज खरे, सुन्दरम गर्ग, भरत सिंह परिहार, राम प्रसाद सेन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## समिट में भाग लेने हेतु इच्छुक निवेशकों के पंजीयन 15 फरवरी तक

**पन्ना।** ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल में 24 एवं 25 फरवरी 2025 को आयोजित की जा रही है। समिट में भाग लेने हेतु इच्छुक निवेशकों को पंजीयन हेतु पूर्व में निर्धारित दिनांक 10 फरवरी के स्थान पर अब 15 फरवरी तक पोर्टल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही निवेश के इच्छुक निवेशक अपने निवेश प्रस्ताव दर्ज कर सकते हैं। पन्ना जिले के निवेशक भी इसका लाभ उठा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का शुभारंभ करेंगे। समिट के दूसरे दिन समापन कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। राज्य शासन द्वारा आयोजन की तैयारियों के साथ देश-विदेश के निवेशकों से निरंतर संपर्क एवं संवाद किया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 फरवरी को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम भी आयोजित होने जा रहा है।

## तीन परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

**पन्ना।** रविवार, 16 फरवरी को म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2025 जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। पन्ना शहर में शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय एवं शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 को परीक्षा केंन्द्र बनाया गया है।

# गोवर्धन की कथा को सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

पन्ना





पन्ना जिले के दौवन टोला राजापुर में यादव परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया गया है, जिसमें आज दिनांक 10 फरवरी को कथा वाचक आचार्य पंडित संदीप त्रिपाठी त्रंबकेश्वर नाशिक के द्वारा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं तथा गोवर्धन पर्वत को उठाकर जिस प्रकार उन्होने बृजवासीयों की रक्षा की, उक्त संपूर्ण कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से अपने मुखार बिन्दुओ से उपस्थित श्रोताओं को सुनाया गया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गये, उन्होने कहा कि कोई भी मनुष्य संकट मे होता है, यदि भगवान को सच्चे मन से स्मरण करता है तो भगवान उनकी रक्षा अवश्यक करते है, आज दिनांक को उन्होने यादव परिवार द्वारा बनवाये गये भोलेनाथ जी के मंदिर में बड़े ही विधिविधान के साथ भगवान शंकर की प्राण पतिष्ठा करवाई गई, उक्त संगीतमय कथा में पंडित आलोक शास्त्री जी त्रम्बकेश्वर, अग्नोहोत्री गुरू जी, जगदीश त्रिपाठी जी तथा विकास गुरू जी द्वारा गीत तथा ढोलक पर चंदू सेन, पेड नरेन्द्र विश्वकर्मा की बोर्ड रामाश्रय यादव एवं गायक आदि के द्वारा बेहतर संगीत मय कथा की जा रहीं है। उक्त कथा यजमान श्रीमती राम बाई पति स्वर्गीय रूद्र सिंह यादव श्रीमती कौशल्या लाखन सिंह यादव पूर्व सोसायटी अध्यक्ष श्रीमती सावित्री बंशीधर यादव श्रीमती जनक चंदन सिंह यादव श्रीमती आरती राम सिंह यादव श्रीमती अर्चना बलराम सिंह यादव श्रीमती पूजा नंदन सिंह यादव गोपाल सिंह यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविंद सिंह यादव, नरेंद्र सिंह यादव पूर्व सरपंच, हनुम सिंह यादव सेवानिवृत्त शिक्षक राजापुर आदि उपस्थित रहें।

## रेन्जर नीलेश प्रजापति का स्थानान्तरण

**पन्ना।** उत्तर वन मंडल के अजयगढ़ वन परिक्षेत्र में पदस्थ रहें रेन्जर नीलेश प्रजापति का सरकार द्वारा स्थानान्तरण छतरपुर जिले की लवकुश नगर रेन्ज कर दिया गया है, ज्ञात हो कि रेन्जर श्री प्रजापति द्वारा अजयगढ़ मे स्थित वन परिक्षेत्र कार्यालय की वेश कीमती जमीन को भूमाफियाओं को बेंच दिया गया था, जिसका मामला भारी चर्चाओं मे रहा, लेकिन अधिकारीयों की मिली भगत से संबंधित के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# अधिवक्ता संघ के साथ हुई बैठक




**पन्ना।** आगामी 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के जरिए अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से आज जिला न्यायालय के एडीआर भवन में अभिभाषक संघ के सदस्यों एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन तथा विशेष न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अभिभाषकगण से उनके पक्षकारों के राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों का अधिक संख्या में राजीनामा के माध्यम से निराकरण के लिए चर्चा की गई। साथ ही न्यायालय द्वारा समस्त पक्षकारों को शीघ्र नोटिस जारी करने के संबंध में निर्देश दिए गए। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा विद्युत, क्लेम, नगर पालिका के टैक्स एवं चेक अनादरण इत्यादि प्रकरणों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के पूर्व प्री-लिटिगेशन में रखवाकर लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करवाने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी सहित अन्य अभिभाषकगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद त्रिपाठी, पवन पाण्डेय, करण सिंह, रोहित नायक एवं शशांक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

## कन्ट्रोल रूम स्थापित

**पन्ना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा रविवार, 16 फरवरी को पन्ना जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्रों में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं संपर्क के लिए कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय कक्ष क्रमांक 114 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07732-250204 है। इसका प्रभारी अधिकारी जिला लोक सेवा प्रबंधक पंकज शिवहरे 8319933761 को बनाया गया है, जबकि परीक्षा दिनांक को सुबह 8 बजे से परीक्षा केन्द्रों की सामग्री जमा होने तक के लिए पटवारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक ग्रेड-3 पियूस डे एवं भृत्य राजेन्द्र अहिरवार की ड्यूटी लगाई गई है।

# चार्टेड बस ने आटो को मारी टक्कर, एक दर्जन यात्री घायल

पन्ना

पन्ना अमानगंज रोड़ विक्रमपुर ग्राम की मोड़ के पास तेज रफ्तार चार्टेड बस के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए यात्रीयों से भरी आटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें आटो में सवार अनेक यात्री महिलाओं, बच्चियों सहित घायल हो गयें, जानकारी के अनुसार पन्ना से इन्दौर चलने वाली चार्टेड बस क्रमांक एमपी 13 पीबी 163 अमानगंज की ओर से लगभग 08 बजे पन्ना आ रहीं थी, उसी दौरान विक्रमपुर ढरोंहा मोड़ के पास बस चालक द्वारा टक्कर मार दी, जिसमें आटो, बुरी तरह छतिग्रस्त हुई तथा आटो मे सवार अनेक यात्री गंभीर रूप से घायल हुए है, जिसमें सविता आदिवासी, माता प्रसाद आदिवासी निवासी रतनपुरा द्वारी, रविता आदिवासी, शुक्कू आदिवासी, सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री आटो में सवार थें, जिन्हे गंभीर चोटे आई है, घटना की जानकारी थाना अमानगंज को दी गई, एम्बूलेंस वाहन तथा अन्य साधनो से घायलो को स्वास्थ केन्द्र अमानगंज ईलाज के लिए भेजा गया, बस का ड्राईबर बस छोड़कर फरार हो गया।

## ग्राम मड़ला में कुंए में गिरे नर तेंदुआ का सफल रेस्क्यू

**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व दिनांक 10.02.2025 को प्रात: 07.00 बजे मड़ला परिक्षेत्र के ग्राम मड़ला में सन्तोष प्रजापति के खेत में स्थित कुंयें में एक नर तेंदुआ के गिरने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल क्षेत्र संचालक, उप संचालक एवं वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, रेस्क्यू दल के साथ मौके पर पंहुचे तथा मौके पर स्थिति का जायजा लिया। समस्त स्टाफ द्वारा कार्यवाही करने हेतु समस्त ग्रामीणों को मौके से हटा कर क्षेत्र संचालक के मार्गदर्शन में सर्व प्रथम कुंए में स्थित तेंदुआ को चारपाई की सहायता से सहारा देकर रोककर रखा गया तत्पश्चात जाल डाल कर तेंदुआ को जाल में सुरक्षित लेकर पिंजरे में डाला गया तथा उसे सुरक्षा पूर्वक निकाला गया।

# जिला अस्पताल के सामने संचालित सिटी स्कैन सेंटर परिसर में गंदगी का अंबार



**पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिला अस्पताल के सामने सिटी स्कैन सेंटर के बगल से कचरा का ढेर लगा हुआ है जो गुजर रहे रैगीरों के लिए परेशानी बन गया है। ड्यूटी पर मौजूद स्थानीय कर्मचारीयों ने बताया कि यहां से निकलना भारी तकलीफ दायक है। यहां की साफ सफाई नगर पालिका प्रशासन के कर्मचारीयों की जिम्मेदारी बनती है। क्योंकि यहां के स्थानीय व्यापारी यह कचरा यहां फेंकने प्रतिदिन आते हैं और एक-एक माह तक नगर पालिका के कर्मचारीयों द्वारा सफाई नहीं की जाती है। जिसके कारण कचरा गंदगी मार रहा है और आसपास का पूरा माहौल प्रदूशित कर रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से एवं नगर पालिका प्रशासन से तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इस परिसर की साफ सफाई की जिम्मेदारी जिनके ऊपर है वह इस ओर ध्यान दे और यहां पर प्रतिदिन जो व्यापारियों द्वारा कचरा डाला जाता है उसकी नियमित साफ सफाई करें। ताकि कचरा का ढेर गंदगी ना फैलाएं। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि यहां पर साफ सफाई नहीं हुई तो निश्चित रूप से यहां जो कचरा की सड़ांध है इससे कई लोग बीमार पड़ सकते हैं। इसी परिषर में सिटी स्कैन के साथ साथ पीएम हाउस एवं अन्य कार्यालय भी संचालित होते है।

## जनसुनवाई में आए 13 आवेदन

**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 13 आवेदन आए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी उपस्थित आवेदकों की समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण करने की कार्रवाई की गई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर  सीधी, गुरूवार 13 फरवरी 2025




उप मुख्यमंत्री ने राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में आमजनों से जनसंवाद करते हुए उनकी समस्यायें सुनीं तथा उनके यथोचित निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



# गौवन्य विहार में समुचित पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति व्यवस्था करें

## उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवन्य विहार के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवन्य विहार अभ्यारण्य में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गाय को गुड़ चना खिलाकर गौसेवा की। उप मुख्यमंत्री ने यज्ञ शाला में आयोजित बैठक में कहा कि वन्य विहार में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें। नये विद्युत सबस्टेशन के निर्माण तक बसामन मामा मंदिर के पास के फीडर से कनेक्शन करायें। गौशाला से जुड़ी 17 एकड़ जमीन पर दो गौशाला शेड का इस तरह निर्माण करें की बाउन्ड्रीबाल बनाने की आवश्यकता न रहे।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यपालन यंत्री जल संसाधन नाले में दो स्टापडैम सह रपटा निर्माण का स्टीमेट तैयार करें। स्टापडैमों के निर्माण से गौशाला में पानी की व्यवस्था के साथ चारागाह विकास की भी सुविधा मिलेगी। माइक्रो सिंचाई परियोजना से पूर्वा तालाब तथा क्षेत्र के अन्य तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था करें। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गायों के पानी पीने के लिए हौज तथा चारा चारागाह की बाउन्ड्रीबाल का निर्माण तत्काल शुरू करायें। कार्यपालन यंत्री पीएचई दोनों शंपबेल में 7 दिवस में पानी भरने की व्यवस्था करें। उप मुख्यमंत्री ने बैठक में वनमंडलाधिकारी को गायों के चरने के वन क्षेत्र में पानी की व्यवस्था करने तथा विभागीय प्लांटेशन में गौशाला की खाद के उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पशु पालन डॉ. राजेश मिश्रा ने बसामन मामा गौअभ्यारण्य के कार्यों की जानकारी दी। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने गौशाला में प्रस्तावित श्री राधा कृष्ण गौ मंदिर के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर आर.के. सिन्हा, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी, अधीक्षण यंत्री बिजली विभाग बी.के. शुक्ला जिला प्रबंधक जल निगम चित्रांशु उपाध्याय स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रातः गौअभ्यारण्य का भ्रमण किया तथा नवजात बछड़े को गोद में उठाकर दुलार किया। विदित हो कि उप मुख्यमंत्री जी ने रात्रि विश्राम गौवंश वन्य विहार में ही किया था।

## परियोजना अधिकारी निलंबित

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अमरपाटन नागेन्द्र प्रताप तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं के लिए नागेन्द्र प्रताप तिवारी की डभ्भी परसवाही स्थित चेक प्वाइंट में रात्रि की पाली में लगायी गयी थी। कमिश्नर द्वारा औचक निरीक्षण किये जाने पर श्री तिवारी कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाये गये तथा चेक प्वाइंट में अव्यवस्था मिली। कमिश्नर ने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में परियोजना अधिकारी को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय मैहर नियत किया है।

## रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक सामान्य सभा आज

**रीवा।** कलेक्टर एवं प्रेसीडेंट रेडक्रास सोसायटी रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 13 फरवरी को भारतीय रेडक्रास सोसायटी रीवा इकाई की वार्षिक सामान्य सभा शाम 4.15 बजे आयोजित की गयी है।

## मऊगंज कलेक्टर ने जिले में स्थापित होधल्डग स्टेशनों की व्यवस्थायें देखी



**रीवा।** मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए मऊगंज जिले में स्थापित होधल्डग स्टेशनों का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती रसना ठाकुर भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने होधल्डग स्टेशनों में छाया, भोजन, पानी, चाय तथा बच्चों के लिए दूध आदि की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा उपस्थित अधिकारियों, कमर्चारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने शिविरों में चिकित्सा व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश भी दिये। इस दौरान एसडीएम हनुमना कमलेशपुरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 13 फरवरी को आयोजित की गई है। बाणसागर सभागार में अपरान्ह 3 बजे से आहूत बैठक में पीओ विधि संरक्षता के आवेदनों पर विचार एवं नियुक्ति, जनसुनवाई द्वारा प्राप्त लीगल गर्जियनशिप के आवेदनों पर विभाग एवं अनुमोदन, पूर्व में जारी किये गये विधिक संरक्षण की मृत्यु होने के कारण नये विधिक संरक्षक के अनुमोदन आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी।

# कृषि यंत्रों हेतु आवेदन आमंत्रित

रीवा

ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर कृषि यंत्रों के लिये आवेदन 18 फरवरी तक आमंत्रित किये गये हैं। कृषि यंत्र पावर वीडर, पावर टिलर 8 बी.एच.पी. से अधिक, पावर हैरो, थेडर/मल्चर, स्ट्रा रीपर एवं रीपर (स्वचालित/ट्रेक्टर चलित) के आवेदन पोर्टल पर आमंत्रित किये गये हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर 19 फरवरी को लॉटरी निकाली जायेगी।

सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि आवेदन के साथ कृषक स्वयं के बैंक खाते से राशि का डिमांड ड्राफ्ट संबंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनवाकर जमा करना अनिवार्य होगा। कृषि यंत्र पावर वीडर हेतु 3100 रूपये, कृषि यंत्र पावर टिलर - 8 बी.एच.पी से अधिक हेतु 5000 रूपये, कृषि यंत्र पावर हैरो हेतु 3500 रूपये, कृषि यंत्र श्रेडर/मल्चर हेतु 5500 रूपये, कृषि यंत्र स्ट्रॉ रीपर हेतु 10000 रूपये तथा कृषि यंत्र रीपर (स्वचालित/ट्रेक्टर चलित) हेतु 3300 रूपये का डिमांड ड्राफ्ट देय होगा। इसके साथ ही किसानों को किस्त बंदी खतौनी, आधार कार्ड, पासबुक, ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन (ट्रेक्टर चलित यंत्रों के लिए) तथा अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के किसानों के जाति प्रमाण पत्र जमा करने होंगे। आवेदनकर्ता के नाम से भूमि होना आवश्यक है। इच्छुक कृषक कॉमन सर्विस सेंटर अथवा अधिकृत कृषि यंत्र विक्रेता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## शांति समिति की बैठक 13 फरवरी को

**रीवा।** जिला शांति समिति की बैठक 13 फरवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। बैठक में 26 फरवरी महाशिवरात्रि, 14 मार्च होली, 31 मार्च ईदुलफितर, 6 अप्रैल रामनवमी तथा 10 अप्रैल को महावीर जयंती मनाये जाने के संबंध में की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने समिति के सभी सदस्यों तथा संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# उप मुख्यमंत्री से कुलगुरू प्रो. कुड़रिया ने की सौजन्य भेंट

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल से राजनिवास सर्किट हाउस में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलगुरू प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कुलगुरू के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय व इससे सम्बद्ध महाविद्यालय नई उचाइयाँ छूएंगे। उन्होंने अपेक्षा की कि स्वरोजगार व रोजगार से संबंधित नवीन व उपयोगी पाठयक्रम संचालन में भी कुलगुरू की भूमिका होगी।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है जो युवाओं के लिये वरदान साबित होगा।

सौजन्य भेंट में कुलगुरू ने उप मुख्यमंत्री जी को आश्वस्त किया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय व महाविद्यालय को और आगे ले जाने के सभी प्रयास किये जायेंगे। इस अंचल की संभावनाओं को दृष्टिगत रखकर नये पाठ्क्रम संचालित होंगे। प्राचीन भारतीय इतिहास को आर्टिफिसियल इटेलीजेन्स से सम्बद्ध कर पाठ्क्रम प्रारंभ करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सोलर पैनल की स्थापना भी कराई जायेगी ताकि सोलर बिजली का उपयोग हो सके। इस दौरान पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, रजिस्ट्रार सुरेन्द्र सिंह सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# उप संचालक मत्स्य पालन ने मछली मार्केट का किया औचक निरीक्षण

रीवा

उप संचालक मत्स्योद्योग डॉ. अंजना सिंह ने मछली मार्केट का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा मछली विक्रेताओं को जहरीली थाई मांगुर मछली से होने वाले नुकसान के बारे में समझाइश दी। उन्होंने मत्स्य विक्रेताओं को मछली के पालन विक्रय पर भारत सरकार द्वारा प्रतिबंध एवं विक्रय करते पाए जाने पर चालन करते हुए जुर्माना के प्रावधान के बारे में भी बताया।



ज्ञातव्य है कि थाई मांगुर मछली एक मांसाहारी मछली है। यह सडे गले मांस खाकर जल्दी बड़ी होने वाली मछली है इसलिए मत्स्य पलक इसे आसानी से पाल लेते है इसको पालने में कम खर्च आता है। यह सिंगल कांटे की मछली है इसलिए मछली खाने वाले इसे पसंद करते है परंतु इसके अंदर पाए जाने वाले हानिकारक तत्वों से अनभिज्ञ रहते हैं। उप संचालक डॉ अंजना सिंह द्वारा बताया गया कि समय समय पर विभिन्न प्रचार माध्यमों से जनता एवं मत्स्य विक्रेताओं को यह जानकारी प्रदान की जाती है कि थाई मांगुर मछली में हैवी मेटल जिंक लेड क्रोमियम आदि पाए जाते है जो इंसान के शरीर में स्लो पॉयजन की तरह कार्य करते है इसका असर मानव शरीर में तुरंत नहीं दिखाई देता परन्तु यह कई प्रकार की जेनेटिक बीमारियों को पैदा करती है। इसलिए भारत सरकार द्वारा इस मछली के पालन/विक्रय/आयात/निर्यात पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

## खंड स्तरीय आनन्द उत्सव 13 फरवरी को

**रीवा।** राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 28 जनवरी तक प्रदेश के साथ साथ जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के सभी ग्राम पंचायतों के क्लस्टर स्तर पर आनंद उत्सव के आयोजन किए गए थे। इसी क्रम में आज 13 फरवरी को रायपुर कर्चुलियान के तहसील परिसर मंगलम भवन में खंड स्तरीय आनन्द उत्सव आयोजित किया गया है।। समारोह में गुढ़ विधायक श्री नागेंद्र सिंह,राज्य आनन्द संस्थान भोपाल के डायरेक्टर सत्य प्रकाश आर्य सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति रहेगी।

## डिजिटल संचालन एवं सेवाओं की सुरक्षा के लिये जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** शासन द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पोंस टीम का गठन किया गया है। मध्यप्रदेश कम्प्यूटर इमरजेंसी रेस्पोंस टीम सूचना प्रौद्योगिकी के सुरक्षा पहलुओं, संवेदनशील एवं विशेष आकस्मिक परिस्थितियों में सबंधित विषयों के लिए निर्णय लेने हेतु सशक्त एवं केन्द्रीयकृत स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य कर रही है। शासन अंतर्गत समस्त विभागों के स्तर पर तथा उनके अधीनस्थ संचालित विभागीय कार्यालयों, मुख्यालयों, संचालनालयों एवं सम्बंधित संस्थाओं एवं संगठनों में मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किये गये है।

साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए समस्त जिलों में डिजिटल संचालन एवं सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक आशीष दुबे को जिला स्तर पर मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## महाकुंभ ड्यूटी से गायब 4 अधिकारियों पर गिरी गाज

**रीवा।** जिले की कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन अधिकारियों पर महाकुंभ मेला में ड्यूटी से गायब रहने का आरोप है। अगर वे संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं, तो उनकी दो वेतन वृद्धि रोकी जा सकती है। जिला पंजीयक श्रीमती संध्या सिंह, जिला खनिज अधिकारी श्रीमती दीपमाला तिवारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी श्री विनय वर्मा, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी श्री राजीव शुक्ला। इन अधिकारियों को 8 और 9 फ़रवरी को प्रयागराज महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैनात किया गया था।

# अमहिया थाना प्रभारी की पहल से क्राइम में आई कमी, इलाके में बढ़ी सुरक्षा

**रीवा।** रीवा में अमहिया थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल की नियुक्ति के बाद से क्राइम में कमी देखने को मिल रही है। उनकी सक्रियता और नए तरीकों से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ा है।

शिवा अग्रवाल ने थाने की कमान संभालते ही कई ज़रूरी कदम उठाए हैं, उन्होंने क्षेत्र के छोटे-बड़े सभी अपराधियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। इससे अपराधियों में डर का माहौल है। थाना क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है, जिससे लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। शिवा अग्रवाल नियमित रूप से लोगों से मिलते हैं और उनकी समस्याएं सुनते हैं। इससे पुलिस और जनता के बीच संबंध बेहतर हुए हैं। महिलाओं की सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जा रहा है। शिवा अग्रवाल ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई योजनाएं बनाई हैं।



शिवा अग्रवाल ने संजय गांधी, गांधी मेमोरियल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जैसे अस्पतालों में भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। पहले इन अस्पतालों में चोरी और मारपीट जैसी घटनाएं आम थीं, लेकिन अब ऐसी घटनाओं में कमी आई है। शिवा अग्रवाल के कार्य से अमहिया थाना क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। लोग अब बिना किसी डर के पुलिस से संपर्क कर रहे हैं और अपनी समस्याएं बता रहे हैं।

## प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में वर्ष 2022, 2023 और 2024 के आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनी एवं अप्रेंटिस के पद पर साक्षात्कार के बाद भर्ती का अवसर दिया जाएगा। इन पदों पर भर्ती हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड हरिद्वार प्लांट के लिए की जाएगी। इसमें फिटर, टर्नर, एमएमव्ही, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मशीनिस्ट, वेल्डर तथा इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय के आईटीआई प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकते हैं। ट्रेनी एवं अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती के लिए प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित आवेदकों को वेतन 23626 रुपए निर्धारित किया गया जो कटौती के बाद 16387 रुपए देय होगा। पीएफ और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए आवेदक अपने साथ सभी दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ अवश्य लाएं।

# उप मुख्यमंत्री ने तीर्थयात्रियों को भोजन और पानी का किया वितरण

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाकुंभ जा रहे तीर्थयात्रियों के लिए रीवा बाईपास में हरिहरपुर में लगाये गये शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा तीर्थयात्रियों को भोजन एवं पानी का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने तीर्थयात्रियों से संवाद करते हुए रीवा जिले एवं मध्यप्रदेश में की गयी समुचित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तीर्थयात्रियों ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर तीर्थयात्रियों के लिए जगह-जगह भोजन, पानी, चाय, बिस्किट, फल एवं दूध का वितरण किया जा रहा है जिससे हम लोगों को



कहीं भी कोई परेशानी नहीं हो रही है। रीवा जिले में भी आपके मार्गदर्शन में सभी व्यवस्थाएं की गयी हैं जिससे बड़ी संख्या में यात्रीगण विभिन्न सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने शिविर स्थल में लगाये गये चिकित्सा कैंप का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि सामाजिक संगठनों के सहयोग से विन्ध्य में तीर्थयात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, पानी की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही चिकित्सा व अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भी की गयी हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833